आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 24 ● कटनी ● शुक्रवार, 24 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

दिलों की दूरियां और दिल्ली से दूरी कम करेंगे :पीएम मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नगालैंड के दीमापुर में रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधा और भरोसा दिलाया कि एनडीए की सरकार की कोशिश होगी कि न केवल दिलों की दूरियां मिटे, बल्कि दिल्ली से भी दूरी कम हो। बता दें, नगालैंड में 27 फरवरी को मतदान होगा। वहीं 2 मार्च को मतगणना होगी।कांग्रेस ने नगालैंड की सरकार को रिमोट कंट्रोल से चलाया। दिल्ली से लेकर दीमापुर तक इन्होंने परिवारवाद को ही प्राथमिकता दे रखी थी, लेकिन हमारी सरकार ने पूरे नॉर्थ-ईस्ट के लिए दिल्ली की सरकार की सोच को ही बदल दिया है।

रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल

नई दिल्ली एजेंसी। रूस-यूक्रेन युद्ध को आज एक साल पूरे हो गए। 24 फरवरी 2022 को रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। तब से लेकर अब तक दोनों देशों के बीच भीषण युद्ध जारी है। अलग-अलग रिपोर्ट्स के अनुसार, एक साल के अंदर तीन लाख से ज्यादा लोग दोनों तरफ से मारे जा चुके हैं। इस युद्ध में अमेरिका समेत दुनिया के कई बड़े देश यूक्रेन की मदद कर रहे हैं। इसी कड़ी में जी-7 देशों के वित्त मंत्रियों ने गुरुवार को यूक्रेन के लिए इस समूह की ओर से आर्थिक सहायता बढ़ाकर 39 अरब डॉलर कर दी है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मार्च तक इस देश को नया वित्तीय पैकेज देने का आह्वान भी किया ताकि उसे रूस के हमले के प्रभाव से निपटने में मदद मिल सके।

कांग्रेस का 85वां अधिवेशन में नहीं पहुंचा गांधी परिवार, खड़गे ले रहे बैठक

■ रायपुर, यशभारत।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन हो रहा है। देशभर से कांग्रेस नेता शामिल हुए हैं। पहले सूचना थी कि राहुल गांधी दोपहर 2 बजे के बाद पहुंचेंगे, लेकिन अचानक उनके आने पर संशय हो गया है। महाधिवेशन में स्टीयरिंग कमेटी की बैठक शुरू हो गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। मीडिया से सचिन पायलट ने कहा कि, 2024 तक कैसे NDA को पराजित कर पाएंगे, उस विषय पर बहुत सारी चर्चाएं होंगी। स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में महत्वपूर्ण नीतियों पर चर्चा की जाएगी। शाम 4 बजे सब्जेक्ट कमेटी की बैठक होगी। जहां 6 प्रस्तावों पर चर्चा होगी। राहुल के देर से आने की वजह से माना जा रहा है कि वो स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। प्रियंका गांधी शनिवार को पहुंचेंगीं ऐसा बताया जा रहा है, हालांकि एक चर्चा यह भी है कि प्रियंका महाधिवेशन में शामिल नहीं होंगी।

राहुल के आने पर संशय, यह प्रमुख नेता पहुंचे रायपुर

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर, अंबिका सोनी, दिग्विजय सिंह सहित अन्य नेता पहुंच गए हैं।

क्या होगा स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में...

स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश समेत करीब 50 केंद्रीय नेता शामिल हैं। कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की रणनीति इस बैठक में तय होगी। सबसे महत्वपूर्ण होगा CWC का चुनाव। ये चुनाव होगा भी या नहीं इस पर चर्चा की जाएगी। दिनभर इस बैठक के बाद शाम के वक्त सब्जेक्ट कमेटी की बैठक होगी। जिसमें तय किया जाएगा कि इस अधिवेशन में किन बड़े विषयों पर चर्चा की जानी है। चर्चा के बाद उन संबंधित विषयों पर रणनीति बनाई जाएगी। पार्टी को जनता के मूड, के हिसाब से सलाह देंगे कि क्या करें और क्या न करें। इसके पूर्व अधिवेशन स्थल पर मीडिया से चर्चा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि रंज की बात यह है कि जब मैं यहां प्रवेश कर रहा था, तब मेरे बहुत से नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा की सरकार ने प्रताड़ित किया। मीडिया विभाग के पवन खेड़ा को गिरफ्तार किया गया। कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दी और भाजपा के मुंह पर तमाचा मारा। जनता को भड़काने का काम भाजपा कर रही है, जिसका में खंडन करता हूं। जब हम संसद में बोलते हैं, तो वहां बोलने नहीं देते। जब हम बाहर बोलना चाहते हैं तो वहां भी बोलने नहीं दिया जाता है। इस देश में बोलने की आजादी को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। इनके हाथ में लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं है। अधिवेशन से पहले कार्यकर्ताओं पर ईडी के छापे पड़ रहे हैं। भाजपा ने भी अधिवेशन किया, लेकिन कभी आपने सुना कि उनके कार्यकर्ताओं को धक्का भी लगा है। हमारे महाअधिवेशन को खत्म करने के लिए, इसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

» न्यूज गैलरी

भारत में प्रेग्नेंसी के दौरान 24 हजार मौतें

न्यूयार्क, एजेंसी। बीते 20 सालों में मातृ मृत्यु दर में एक तिहाई की गिरावट के बावजूद गर्भावस्था की परेशानियों से हर 2 मिनट में एक महिला की मौत हो जाती है। यह खुलासा संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट से हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की मौत के मामलों में साल 2000 से 2015 के बीच जबरदस्त गिरावट आई। 2016 से लेकर 2020 के बीच मृत्यु दर स्थिर रही। साल 2000 में एक लाख बच्चों के जन्म के दौरान 339 महिलाओं की मौत हो रही थी। 2020 में यह आंकड़ा घटकर 223 हो गया।

पीरियड्स में लीव के लिए सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

नई दिल्ली,एजेंसी। पीरियड्स के दौरान महिलाओं को वर्कप्लेस पर छुट्टी मिले इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार यानी आज सुनवाई होगी। ये याचिका शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने दाखिल की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, याचिका में कहा गया कि कुछ देशों में किसी ना किसी फॉर्म में पीरियड्स के दौरान महिलाओं को छुट्टियां दी जाती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन की एक स्टडी के मुताबिक पीरियड्स के दौरान महिलाओं को हार्ट अटैक के बराबर दर्द का सामना करना पड़ता है।

यूएन में रूस के खिलाफ वोटिंग से दूर रहे भारत और चीन

नई दिल्ली, एजेंसी। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की पहली वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई कि रूस की सेना को तत्काल प्रभाव से यूक्रेन छोड़ देना चाहिए। भारत के साथ ही चीन ने वोटिंग से दूरी बनाए रखी।193 सदस्यीय यूएनजीए में मतदान के दौरान 141 सदस्य देशों ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया कि रूस को यूक्रेन में शत्रुता समाप्त कर और तत्काल अपनी सेना वापस ले लेना चाहिए। 7 देशों ने प्रस्ताव का विरोध किया तो 32 सदस्य अनुपस्थित रहे।

बेकाबू ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, 11 की मौत

पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे सभी

रायपुर, ईएमएस। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा रोड पर गुरुवार देर रात ट्रक और पिकअप की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 15 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी एक ही परिवार के थे और पारिवारिक काम से खिलोरा से अर्जुनी गांव आए हुए थे। मृतकों में 4 बच्चे भी शामिल हैं। सीएम भूपेश ने हादसे पर दुख जताया है। बलौदाबाजार के खिलोरा से साहू परिवार के सदस्य पिकअप में सवार होकर अर्जुनी गए थे। देर रात वे वापस लौट रहे थे। तभी खमरिया में DPWS स्कूल के पास उनकी पिकअप को ट्रक ने टक्कर मार दी। भिड़त इतनी जोरदार थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए।हादसे में 4 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं 15 लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल के अलावा आसपास के अन्य हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। वही गंभीर रूप से घायल तीन को रायपुर रेफर किया गया है।

नरसिंहपुर जिले में बस दुर्घटना तीन की मौत, 18 घायल

दूसरी ओर नरसिंहपुर जिले में देर रात हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग लोग घायल हो गए।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना लिंगा बायपास के पास हुई। यहां एक यात्री बस पलट गई। इससे तीन यात्रियों की मौत और 18 यात्री घायल हो गए।दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। बताया गया है कि यह दुर्घटना रात 10.30 से 11 बजे के बीच हुई। पारुल ट्रेवल्स की बस हादसे का शिकार हुई। जानकारी मिली है कि बस वैवाहिक कार्यक्रम से लोगों को लेकर सतधारा से बांसखेड़ा जा रही थी। घटना स्थल करेली से करीब 10 किमी दूर है। दुर्घटनाग्रस्त बस को बाद में सीधा कर दिया गया। मृतकों के नाम कार्तिक गुर्जर 16 वर्ष, पहलवान सराठे 60 वर्ष और उदयराम ठाकुर 55 वर्ष पता चले हैं। ये तीनों बांसखेड़ा थाना सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर के निवासी हैं। बस क्रमांक एमपी 17 पी 0286 है।घायलों में से छह लोगों की हालत गंभीर है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करेली लाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल छह लोगों को नरसिंहपुर जिला अस्पताल रिफर किया गया है।बताया जा रहा है कि पारुल ट्रेवल की 35 सीटर यात्री बस क्रमांक एमपी 17 पी 0286 बांसखेड़ा से वैवाहिक कार्यक्रम में जिले के सतधारा ले जाई गई थी। जहां से बस में सवार होकर सभी वापस बांसखेड़ा लौट रहे थे कि करेली लिंगा बाईपास प्रिंस ढाबा के पास बस के चालक ने बस को उल्टी दिशा में दौड़ा दी। बस आगे जाकर डिवाइडर पर चढ़ गई और अनियंत्रित होकर बस पलट गई।

डांस करने लगा ड्राइवर, दूसरे ने संभाली बोलेरो, 10 बारातियों को कुचला, दो की मौत

शिवपुरी जिले के खतौरा गांव में एक बोलेरो जीप अनियंत्रित हो गई और बारात में डांस करने वाले बारातियों पर चढ़ गई। जिसमें 10 लोग घायल हो गए बाद में इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि बारात के पीछे बोलेरो चल रही थी, इसका ड्राइवर भी डांस करने के लिए उतर गया। गाड़ी खुली छोड़ दी, दूसरे ड्राइवर ने जब गाड़ी संभाली तो उससे बेकाबू हो गई और बारातियों पर चढ़ गई। बुधवार रात गुना के श्यामपुर से आई रात में उस समय हड़कंप मच गया जब चलती बारात में पीछे से एक बोलेरो घुस गई। इस घटना में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। घायलों को उपचार के लिए पहले बदरवास के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां परिजन दो गंभीर घायलों को गुना के अस्पताल में भर्ती कराने ले गए, एक घायल को उसके ग्वालियर रेफर किया गया है। वहीं, गुना अस्पताल के लिए ले जाए गए दोनों घायलों की मौत हो गई। बारात में शामिल महेश ने बताया कि बोलेरो ड्राइवर बारात में चलती गाड़ी को सड़क पर छोड़कर बारात में नाचने चला गया। इस दौरान एक बाराती बोलेरो गाड़ी में ड्राइवर सीट पर बैठ गया और उसने गियर डालकर बोलेरो को आगे बढ़ा दिया। जिस पर बोलेरो असंतुलित हो गई और बारात में जा घुसी। घटना देर रात दो बजे की बताई गई है।

कर्नाटक में कार और ट्रक की टक्कर, पांच लोगों की मौत

एक अन्य हादसे में कर्नाटक के धारवाड़ में एक कार और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना गुरुवार को तेगुर गांव के पास हुई। पुलिस ने बताया कि कार एक राहगीर को बचाने की कोशिश कर रही थी, इसके चलते कार ट्रक में जा घुसी हालांकि हादसे में उसकी भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान इरन्ना रामनगौदर, नागप्पा इरप्पा मुद्दोजी, महंतेश बसप्पा मुद्दोजी, बसवराज शिवपुत्रप्पा नरगुंड और श्रीकुमार नरगुंड के रूप में हुई है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

कोयले के बीच 2 किलो का हीरा!

चौंधिया गई आंखें, बिगड़ी नीयत और फुर्र हो गया इंजीनियर

झांसी,एजेंसी। यूपी के झांसी में पारीछा थर्मल पावर प्लांट में कोयले की छंटाई के बीच एक 2 किलोग्राम का हीरे जैसा चमकीला पत्थर मिला। इसे पाने की होड़ में पहले वहां मौजदू मजदूर आपस में ही भिड़ गए। इसके बाद बवाल बढ़ने पर कंपनी से जुड़े इंजीनियर और अधिकारियों ने जांच के नाम पर उस हीरे जैसे पत्थर को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में पता चला कि कंपनी के उन अधिकारियों की नियत बदल गई और पत्थर को लेकर फरार हो गए। झांसी से लगभग 25 किमी दूर बेतवा नदी के तट पर स्थित इस संयंत्र का स्वामित्व और संचालन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम करता है, जो एक राज्य उद्यम है।प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक मनोज सचान ने कहा कि भारत सरकार की एक आउटसोर्स कंपनी क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के कर्मचारियों को प्लांट के अंदर भेजे जा रहे कोयले की गुणवत्ता की जांच करने में लगे हुए थे। झारखंड से ताजा आए कोयले के रेक के वैगन से मजदूरों को 2 किलोग्राम का कांच जैसे चमकीला पत्थर मिला। इसके बाद मजदूरों ने उसे तोड़ दिया और टुकड़ों को लेकर भाग गए। इस दौरान हुए विवाद को किसी ने वीडियो बनाकर साइट इंचार्ज को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर साइट इंचार्ज मौके पर पहुंचे और किसी प्रकार का विवाद न हो इसके लिए भाकी बचा टुकड़ा अपने साथ अपने घर ले गए। दूसरी तरफ शाम को थर्मल प्लांट के एक कार्यकारी अभियंता भूपेंद्र सिंह क्यूसीआई में ही काम करने वाले अमित सिंह समेत अन्य के साथ साइट इंचार्ज के घर पर पहुंचे। इसके बाद उनसे जांच के नाम पर पत्थर ले लिया। बाद में वो सभी फरार हो गए। गुरुवार को घटना सामने आने पर आरोपियों के खिलाफ झांसी के बड़ागांव थाने में आईपीसी की धारा 379 (चोरी) के तहत केस दर्ज किया गया। बड़ागांव थानाध्यक्ष विनय दिवाकर के अनुसार पुलिस ने दोनों आरोपियों को राउंडअप कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक मनोज सचान के मुताबिक शुरुआती जांच में चट्टान के हीरा होने की संभावना नहीं है।

अंतरिक्ष में होने जा रही सोने-चांदी की बारिश

आपस में टकराए ये खास सितारे तो होगा चमत्कार

वॉशिंगटन,एजेंसी। अंतरिक्ष रहस्यों से भरा है। खगोलविदों ने अब असाधारण रूप से एक दुर्लभ तारा प्रणाली की खोज की है, जो एक शक्तिशाली विस्फोट को ट्रिगर कर सकता है। इसके भविष्य में एक किलोनोवा बनने की संभावना है। इस विस्फोट के होने से अंतरिक्ष में सोने की बौछार होगी। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 10 अरब सिस्टम में एक ही इतना दुर्लभ होता है। अनुमान है कि हमारे सौर मंडल में ऐसे सिर्फ 10 सिस्टम मौजूद हैं। अमेरिका के विशेषज्ञों का कहना है कि जब दो न्यूट्रॉन सितारे का आपस में विलय हुए तो एक बड़ा धमाका वैज्ञानिकों ने देखा। शोधकर्ताओं ने बुधवार को पहली बार एक किलोनोवा विस्फोट की संभावना जताई है। इस विस्फोट से एक आग का गोला बना और चमकदार पदार्थ उनकी अपेक्षाओं से भी तेज अंतरिक्ष में फैल गया। यह तारा समूह CPD-29 2176 के रूप में जाना जाता है, जो पृथ्वी से लगभग 11,400 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। नासा के नील गेहरल्स स्विफ्ट ऑब्जर्वेटरी ने इसे देखा है। दोनों न्यूट्रॉन सितारों का द्रव्यमान हमारे सूर्य से लगभग 2.7 गुना है। ये दोनों तारे आपस में टकराने से पहले अरबों साल तक एक दूसरे की परिक्रमा करते रहे।

वैज्ञानिकों को मिली नई जानकारी

चिली में मौजूद 1.5 मीटर के टेलीस्कोप से खगोलविदों को यह पता चल सका कि सितारों की टक्कर एक किलोनोवा बनाएगी। CPD-29 2176 असामान्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि खगोलविदों ने हमेशा सोचा था कि एक किलोनोवा के दौरान सबसे घना तारा दूसरे को सिस्टम से बाहर कर देता है। लेकिन मौजूदा न्यूट्रॉन स्टार ने ऐसा नहीं किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि एक किलोनोवा बनाने के लिए दूसरे सितारे को भी अल्ट्रा-स्ट्राइप्ड सुपरनोवा के रूप में विस्फोट करने की जरूरत होगी, ताकि दोनों न्यूट्रॉन सितारे आपस में टकरा सकें। दो न्यूट्रॉन सितारों की टक्कर से अंतरिक्ष में अगर एक भयानक विस्फोट हो, तो यह किलोनोवा कहलाता है।

मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते, अडानी मामले में पाबंदियों से सुको का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने अडानी ग्रुप को लेकर आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़ी मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में दायर याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि हम मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते। हम अपना फैसला सुनाएंगे। शुक्रवार को वकील एमएल शर्मा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की बेंच ने यह कहा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा च्हम मीडिया के खिलाफ कोई आदेश जारी करने नहीं करने जा रहे हम वही करेंगे जो हमें करना है। हम अपना आदेश जारी करेंगे। दरअसल एमएल शर्मा ने अपनी अर्जी में मांग की थी कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खिलाफ जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से जब तक कमेटी गठित नहीं हो जाती तब तक के लिए मीडिया रिपोर्टिंग पर रोक लगाई जाए। शर्मा ने कहा था कि इस मामले में कमेटी का गठन होना है जिससे यह जांच होगी कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट किसी साजिश का नतीजा है या नहीं। इसके बाद भी मीडिया में अडानी ग्रुप को लेकर लगातार खबरें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी रिपोर्ट्स से लाखों निवेशकों पर असर पड़ रहा है। कोर्ट का आदेश आने तक इसलिए मीडिया को रोका जाना चाहिए। इन दलीलों को खारिज करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा च्हमने पहले ही अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और उसे सुनाएंगे। आप कोई सही तर्क दें। हम मीडिया पर रोक लगाने नहीं जा रहे हैं।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना

अरुणोदय पंचांग

मौसम फरवरी में पड़ रही मार्च जितनी गर्मी

अगले 5 दिन तक सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहेगा तापमान

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक रहेगा। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दी। मौसम विभाग के अनुसार, देश के कई हिस्सों में फरवरी में ही आमतौर पर मार्च के पहले सप्ताह के दौरान रहने वाला तापमान रिकॉर्ड किया जा रहा है। इसके चलते इस वर्ष बहुत तेज गर्मी और लू चलने की आशंका पैदा हो गई है। अगले दो दिन उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव आने की संभावना नहीं है। उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में मार्च के पहले पखवाड़े में पारा 40 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, मजबूत पश्चिमी विक्षोभ की अनुपस्थिति के चलते फरवरी में असामान्य गर्मी पड़ रही है। इसके चलते उत्तर भारत में बारिश नहीं हो रही है। दिल्ली में बीते सोमवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यह 1969 के बाद से फरवरी का तीसरा सबसे गर्म दिन था। विभाग ने 26 फरवरी, 2006 को शहर का अब तक का सर्वाधिक तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस और 17 फरवरी, 1993 को 33.9 डिग्री दर्ज किया था।

गेहूं की उपज प्रभावित कर सकती है गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार सामान्य से अधिक तापमान गेहूं और अन्य फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसके चलते गेहूं के पौधे में फूल आने और फली के पकने का चक्र गड़बड़ा सकता है। इससे उपज घट सकती है। बागवानी पर भी ऐसा ही प्रभाव पड़ सकता है। विभाग ने किसानों को फसलों की हल्की सिंचाई करने की सलाह दी है। पिछले साल मार्च में देश में 1901 के बाद से सबसे अधिक गर्मी दर्ज की गई थी। इसके चलते गेहूं की पैदावार में 2.5 फीसदी की गिरावट आ गई थी।

फाइनल मैच से बाहर हुई टीम के खिलाड़ियों ने मचाया हंगामा

विवाद शांत कराने पहुंचे थानेदार से धक्का-मुक्की, आरक्षक की पकड़ी कालर

कटनी, यशभारत। विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बंजारी स्थित खेल मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में जमकर हंगामा व विवाद हुआ। फाइनल मैच से बाहर हुई टीम के खिलाड़ियों ने विवाद किया तो पुलिस समझाइश देने मौके पर पहुंची। इस दौरान खिलाड़ी पुलिस से ही उलझ गए और थाना प्रभारी से धक्का-मुक्की करते हुए एक आरक्षक की कॉलर भी पकड़ ली।

विजयराघवगढ़ के बंजारी क्रिकेट टूर्नामेंट में विवाद

इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने पर प्रकरण दर्ज किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बंजारी खेल मैदान में बुधवार को फाइनल मैच का आयोजन किया गया। मैच विजयराघवगढ़ व बंजारी की टीम के मध्य खेला जाना था। इसी दौरान सेमीफाइनल मैच में समय पर न पहुंचने के कारण प्रतियोगिता से बाहर हुई टीम के खिलाड़ी पहुंचे और आयोजन समिति से विवाद करने लगे।

धक्का-मुक्की और गाली-गलौज के बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी तो थाना का स्टॉफ मौके पर पहुंचा और समझाइश देकर मामला शांत कराया। कुछ देर बाद विवाद फिर बढ़ा तो पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल, कैमोर थाना प्रभारी स्वदेश कुमार बल के साथ मौके पर पहुंचे। विवाद कर रहे युवकों को समझाइश दी तो युवक पुलिस से उलझ गए। थाना प्रभारी बघेल को धक्का देकर हाथ पकड़ लिया और आरक्षक की भी कॉलर पकड़ ली। इस दौरान पुलिस विवाद शांत करने के लिए अश्फाक उर्फ गोलू रजा को ले जाने लगी तो उसके भाई अनश अख्तर उर्फ लकी ने विरोध कर दिया। पुलिसकर्मियों को रोक दिया और धक्का देने लगा। इसी दौरान तीसरा भाई अर्श रजा भी पहुंचकर विवाद करने लगा। पुलिस इन्हें गाड़ी में बैठाने लगी तो इनकी मां सलमा बेगम ने पुलिसकर्मियों को रोक दिया। जवानों के साथ धक्का-मुक्की कर दी। महिला स्टॉफ न होने के कारण पुलिसकर्मियों को यहां से बैरंग लौटना पड़ा।

पुलिस ने दर्ज किया मामला

विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने बताया कि एक राय होकर शासकीय कार्य में बाधा डालने पर विजयराघवगढ़ निवासी अश्फाक उर्फ गोलू, अनश अख्तर उर्फ लकी, अर्श रजा व सलमा बेगम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। चारों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अश्फाक व अनश को जेल भेज दिया गया है।

कंपनी का ऑफिस सील, दस्तावेज जप्त कर पुलिस कर रही जांच

चिडफंड कंपनी के कर्मचारी गिरफ्तार, संचालक फरार

निवेश की रकम चार गुना करने के नाम पर एएसईसी कंपनी ने की ठगी

कटनी, यशभारत। ऑनलाइन एप में निवेश कर प्रतिदिन दो प्रतिशत ब्याज का सब्जबाग दिखाकर एक कंपनी के द्धारा शहरवासियों को ठगने वाली एएसईसी कंपनी का संचालक बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम भुड़सा निवासी विश्वजीत सिंह फरार हो गया है। बुधवार को देररात कुठला पुलिस ने एफआइआर दर्ज करने के बाद गुरुवार को संचालक विश्वजीत सिंह द्वारा पन्ना मोड में अर्जुन दास पटेल के मकान में किराए से खोले गए ऑफिस की तलाशी ली और ऑफिस को सीलंबद किया। इसके अलावा पुलिस ने विश्वजीत सिंह के पुरैनी स्थित मकान में दबिश देकर दस्तावेज जप्त किए। बताया जा रहा है निवेशकों द्वारा पुलिस में रिपोर्ट करने के पूर्व संचालक विश्वजीत सिंह के घर पर जाकर विवाद किया गया था। जिससे वह एफआइआर के पहले ही फरार हो गया। पुलिस ने मामले में कंपनी के कर्मचारी रीठी थाना अंतर्गत ग्राम निर्टरा निवासी धर्मराज सिंह व ओंकार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि एएसईसी कंपनी का संचालक विश्वजीत सिंह निवेशकों को 2 प्रतिशत प्रतिदिन ब्याज 200 दिनों तक देकर निवेश की रकम 4 गुना लौटाए जाने का झांसा देकर धोखाधड़ी किया है।

24 पीड़ितों के डूबे 36 लाख

कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि पुलिस के पास अब तक 24 निवेशकों द्वारा कुल करीब 36 लाख रुपए निवेश किए जाकर धोखाधड़ी किए जाने की शिकायतें पहुंच चुकी हैं। दूसरी ओर पुलिस ने इस मामले में अपील की है कि यदि कोई अन्य निवेशक जिसके साथ उक्त कंपनी के द्वारा धोखाधड़ी की गई हो तो दस्तावेज के साथ पुलिस थाना कुठला में रिपोर्ट कर सकता है। थाना प्रभारी जैन ने बताया कि सभी आरोपियों के बैंक खातों को सील कर दिया गया है। इसके अलावा आरोपियों की चल-अचल संपत्ति की जानकारी भी जुटाई जा रही रही है।

मकान मालिक पर भी हुई कार्रवाई

थाना प्रभारी ने बताया कि कंपनी के संचालक विश्वजीत सिंह को अर्जुन दास पटेल ने मकान ऑफिस के लिए किराए से दिया गया था लेकिन मकान मालिक द्वारा कुठला थाना को किराएदार के संबंध में कोई भी जानकारी नहीं दी गई थी। जांच पर पता चला है कि मकान मालिक अर्जुन दास पटेल को हाल ही में फर्जी चिटफंड कंपनी के द्वारा रायल इनफील्ड मोटरसायकल भी भेंट स्वरूप दी गई है। इसलिए मामले में मकान मालिक पर भी कार्रवाई की गई है।

कुठला पुलिस ने जप्त किया बारात में शामिल साउंड सिस्टम

संचालक पर हुई कोलाहल एक्ट के तहत कार्रवाई

कटनी, यशभारत। कुठला पुलिस ने देर रात तेज आवाज में बज रहे डीजे साउंड सिस्टम को जप्तकर सख्त कार्यवाही की है। कमलांचल मैरिज गार्डन में आयोजित विवाह समारोह में आम रोड पर चल रही बारात के साथ सतना जिले की मैहर तहसील से बाबा डीजे साउंड सिस्टम को बुलाकर बजाया जा रहा था। कानफोडू तेज आवाज को सुनकर पुलिस समझाइश देने पहुंची तो कुछ समय के लिए डीजे की आवाज कम हुई लेकिन कुछ देर बाद फिर तेज आवाज में डीजे बजने लगा। जिसके बाद कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और डीजे साउंड सिस्टम को जप्त कर थाने में खड़ा कराया। बताया जाता है कि लोडर वाहन में 12 बड़े-बड़े साउंड सिस्टम लगाए गए थे। पुलिस ने डीजे संचालक के विरूद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 2 की मौत

दो दर्जन से ज्यादा मजदूर घायल, कटनी-पन्ना मार्ग पर दुर्घटना

कटनी, यशभारत। कटनी-पन्ना मार्ग पर रैपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिलपुरा में मजदूरों से भरी ट्रेक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो दर्जन से अधिक घायल हो गए। चार घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल चौकी पुलिस ने बताया कि घायल आशारानी आदिवासी, मनभरन आदिवासी, चैन सिंह आदिवासी व जयपाल आदिवासी को भर्ती कराया गया है। जिसमें चैन सिंह की हालत गंभीर होने पर उसे गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर कर दिया गया है। दुर्घटना में घायल मजदूर मनभरन ने बताया कि सभी मजदूर ग्राम बिलपुरा के निवासी है। वन विभाग की कोठी मझगवां स्थित नर्सरी में काम करने के लिए जाते हैं। मनभरन ने बताया कि गुरुवार की सुबह भी करीब दो दर्जन मजदूर महिला एवं पुरुष ट्रेक्टर-ट्राली में सवार होकर नर्सरी के लिए जा रहे थे। गांव से निकलते ही स्कूल के पास ढलान में पड़ने वाले मोड पर ट्रैक्टर अचानक चालक के हाथों से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसके कारण ट्रैक्टर-ट्राली में सवार दो लोगों 19 वर्षीय चैन सिंह राजगौड़ पिता लखने सिंह राजगौड़ और गोविंद सिंह राजगौड़ पिता हनुमत सिंह राजगौड़ की मौके पर मौत हो गई जबकि महिलाओं व बच्चों सहित दो दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। घायलों को समीपी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां से चार लोगों को जिला अस्पताल कटनी रिफर कर दिया गया।

महानदी पुल के बेरिकेट्स व पाइप में फंसा बाइक सवार

कटनी, यशभारत। बरही थाना अंतर्गत बरही-मैहर मार्ग पर स्थित एवं वर्तमान में वाहनों के आवागमन के लिए प्रतिबंधित महानदी पुल को पार करना बीतीरात एक बाइक सवार युवक को महंगा पड़ गया। पुल पार करते समय युवक बाइक सहित पुल के बेरिकेट्स व पाइप में फंस गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महानगदी पुल पर आवागमन करीब दो माह से बंद है। मजबूरीवश कई लोग अपनी जान जोखिम में डालकर पुल से आवागमन करते हैं। बीतीरात इसी पुल से निकलने के दौरान उत्तरप्रदेश के चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना अंतर्गत ग्राम बछारी निवासी 26 वर्षीय आशीष पिता रूद्र प्रसाद दुबे हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि आशीष बाइक से पुल पार कर रहा था। इसी दौरान वह बाइक सहित बेरिकेट्स व पाइप में फंस गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

भजनों पर झूमे श्रद्धालु, कृष्ण-गोपी नृत्य, व भगवान राम की झांकी देखकर हुए मुग्ध

आकर्षण का केंद्र रहे आयोजन

वार्षिक उत्सव आयोजन पर झांकियों का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर हनुमानजी की सुंदर झांकी ने प्रस्तुति दी। हनुमानजी की वेशभूषा में कौतुक लीला का प्रदर्शन किया गयाए जिसे देखकर लोग भाव विभोर हो गए। इस मौके पर श्री बजरंग बाल रामायण समाज के द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन गायक नरेंद्र गुप्ता व आशीष शुक्लाए संजीव मोहन त्रिपाठी की टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी जिसे सुनकर लोग भावविभोर हुए। इस मौके पर कृष्ण.राधाए गोपियों का नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। आश्रम में फूलों की होली का आयोजन किया गया। सुमधुर भजनों के बीच कृष्ण-गोपी नृत्य हुआ। फूलों की होली खेली गई। संत पर फूलों की वर्षा की गई।

कटनी,यशभारत। शहर के उपनगरीय क्षेत्र पीरबाबा के आगे ग्राम देवरी टोला स्थित हनुमत कुटी आश्रम का वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। तीन दिवसीय आयोजन का गुरुवार को विविध कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। गुरुवार को भजन, कीर्तन, विशाल भंडारा, हनुमानजी की जीवंत झांकी, भगवान राम दरबार की झांकी व कृष्ण राधा गोपियों का नृत्य सहित फूलों की होली का आयोजन किया गया।

हनुमत कुटी आश्रम देवरी टोला में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

इस दौरान हनुमत कुटी के पीठाधीश्वर संत सुरेंद्र दास महाराज का शिष्य मंडल ने बड़े ही भाव के साथ सम्मान किया। इस दौरान सुबह से लेकर शाम तक भजनों पर झूमते रहे। मंदिर परिसर में हनुमानजी महाराज का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर संत सुरेंद्र दास महाराज ने आशीर्वचन दिए सभी को सत्य के मार्ग पर चलने माता-पिता की सेवा करने वाह समाज सेवा में जुटे रहने के लिए प्रेरित किया

भंडारे में हजारों ने पाया प्रसाद

हनुमत कुटी आश्रम में तीन दिवसीय आयोजन हुआ। 21 फरवरी को कलश शोभायात्रा का आयोजन व पूजन हुआ। 22 फरवरी को अभिषेक हवन का आयोजन हुआ। 23 फरवरी को भजन व विशाल भंडारे का आयोजन हुआए जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर समाजसेवी भगवानदास माहेश्वरी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी, सुरेश सोनी, पवन मित्तलए भाजपा उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, पप्पू मिश्रा, ज्योति दीक्षित, विनय दीक्षित, गोल्डी खुराना, बीएम तिवारी, दीपक तिवारी, आशीष तिवारी, माधवनगर टीआई विजय विश्वकर्मा, मोहित, पप्पू बजाज, राहुल दुबे, करण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिष्य मंडल की उपस्थिति रही।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-1 में रोजाना 3 शो ता. 24 से
दोपहर 12, 6 एवं रात्रि 9 बजे से

कलाकार- कार्तिक आर्यन, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला आदि।

शहजादा
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-2 में रोजाना 5 शो ता. 24 से
दोपहर 1, 3 (ऑडी-1), 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से

कलाकार- अक्षय कुमार, इमरान हाशमी, नुसरत भरूचा, डायना पेंटी आदि।

सेल्फी
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताई सेनेटरी, नेपकिन निर्माण की विधि

कटनी, यशभारत। उदिता योजना अंतर्गत माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन प्रशिक्षण सेनेटरी नैपकिन निर्माण की विधि महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से उदिता योजना अंतर्गत बालिकाओं के स्वास्थ्य हेतु अभिनव पहल जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंग के निर्देसनुसार परियोजना अधिकारी विद्या पांडेय मुड़वारा आंगनवाड़ी केंद्र मड्ई में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक सोमवती पटेल के नेतृत्व में एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सेन्टरी नेपकिन निर्माण विधि बताई गई। सेनेटरी नैपकिन का उपयोग करना एवं उसका डिस्पोज करना बताया गया सेनेटरी नैपकिन निर्माण में लगने वाली सामग्री एवं मार्केट में मिलने वाले नैपकिन दोनो में अंतर बताया। शुरुवाती माहवारी होने पर डरना नही है खुल कर अपनी मां से टीचर बहन इसके साथ घर के पुरूष को भी यह जानकारी जरूर बताय ताकि माहवारी के दिनों में सब अच्छे से ख्याल रखे ऐसे में पोषण युक्त आयरन युक्त सब्जियां आयरन की गोली का सेवन करना चाहिए। इस दौरान खून टेस्ट एवं उदिता योजना की जानकारी दी गई। स्वच्छता संबंधी परामर्श दिया गया माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही प्रभावी ढंग से प्रश्नोत्तरी क्विज के माध्यम से चर्चा की गई किशोरावस्था में होने वाली समस्या पर चर्चा की। किशोरी बालिका दौर भी प्रश्न किया गया खुद के बनाये नेपकिन मॉडल के रूप में में प्रदर्शन की कार्यक्रम में ऋतु बर्मन, खुशी त्रिपाठी, सरिता, सिवानी, श्रष्टि, आशा, श्रद्धा सहित अन्य किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

माधवनगर थाने के पीछे पहाड़ियों में हो रहा बाक्साइट का अवैध उत्खनन, जिम्मेदार खामोश

रात भर चलता है अवैध खनन का सिलसिला, माफिया को सत्ता एवं विपक्ष के लोगों का संरक्षण, माइनिंग एवं प्रशासन मौन

कटनी, यशभारत। माधवनगर थाने के पीछे पिछले दो महीने से धड़ल्ले से बहुमूल्य खनिज बॉक्साइट का उत्खनन का कार्य जारी है। माधवनगर थाने के पीछे 300 मीटर की दूरी पर पुराने ग्राम टिकुरी के खसरे की दो साल से बंद खदान, जो कि एमपी स्टेट माइनिंग कारपोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत आ रही है, इसी माइंस में राजनैतिक दलों, सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेताओं के संरक्षण से खनिज माफिया द्वारा रोज रात में जेसीबी मशीनों से 10 हाइवा ट्रकों के माध्यम 30 ट्रिप बॉक्साइट लोडकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं। पिछले दो माह के अंदर लगभग 10 हजार टन सीमेंट ग्रेड, मैटल ग्रेड बॉक्साइट का उत्खनन किया गया है।

खनिज माफिया ने दो महीने में किया 10 हजार टन बॉक्साइट का अवैध उत्खनन, 3 करोड़ का लगाया चूना

कलेक्टर के निर्देशों की भी खनिज हिवभाग को परवाह नहीं

पिछले दिनों जिला कलेक्टर से इस संबंध में शिकायत की गई थी, जिस पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा माइनिंग विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए थे, पर आज तक माफिया पर कोई रोक नहीं लग पाई। इस अवैध उत्खनन से सरकार को लगभग 3 करोड़ की रॉयल्टी का नुकसान हो चुका है। अवैध उत्खनन करने वाले माफिया बिना ई-ट्रांजिट पास के रॉयल्टी, डीएमएफ शुल्क, एनएमईटी, सड़क निर्माण आदि शुल्क जिनकी कुल कास्ट लगभग 300 रूपये प्रति टन होती है कि चोरी कर रहे है।

विदित हो कि कटनी में बॉक्साइट खदानें अंग्रेजों के जमाने से शुरू हुई थी। अंग्रेज भूगर्भ वैज्ञानिकों ने मूलतः इस पूरी योजना की रूपरेखा 1900 के दशक में तैयार की थी। उस समय के ग्राम टिकुरी हल्का के अंतर्गत पहाड़ियों में पाया जाने वाला बॉक्साइट इतना अच्छा है कि इसका इस्तेमाल एल्युमीनियम निर्माण, रिफेक्ट्री उद्योगों, सीमेंट निर्माण में होता आया है। पूर्व में वर्ष 2021 में भी माधवनगर थाने के पीछे चल रहे अवैध उत्खनन पर उस समय के पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा बनाई गई विशेष टीम, जिसमें बिलहरी पुलिस के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्रवाई की गई थी जिसमें डंफर मशीन सहित माफिया से जुड़े लोगों के खिलाफ मध्यप्रदेश गौड़ खनिज अधिनियम और चोरी का मामला दर्ज किया गया था।

कुटेश्वर माइंस में नियमों को ताक पर रखकर हो रहा काम

मजदूरों से नाजायज काम करवा रहा कुटेश्वर माइंस प्रबंधन

बरही, यशभारत। कुटेश्वर माइंस की ठेका कंपनी कुमार कार्गो नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए श्रमिकों से बिना सुरक्षा उपकरण के ही कार्य कराया जा रहा है। खन्ना बंजारी रेलवे साइडिंग में लाइम स्टोन की लोडिंग करने वाले श्रमिकों को कारखाना अधिनियम के तहत मूलभूत सुविधाएं देना तो दूरए उनका मेडिकल परीक्षण तक नही कराया जाता है। काम के दौरान कई बार दम घुटने से यहां श्रमिकों की अकाल मौत भी हो चुकी हैए जिसमे पर्दा डालकर महज हार्ट अटैक बता दिया जाता है। वर्तमान में ठेका कम्पनी कुमार कार्गो के द्वारा लापरवाही पूर्वक कराए जा रहे कार्य को लेकर श्रमिकों के जिम्मेदार भी मौन है, जिससे ठेका कंपनी बेखौफ होकर मनमानी पर आमादा है। तहसील मुख्यालय विजयराघवराघवगढ़ के अंतिम छोर में बसे गैरतलाई में स्थित भारत सरकार के उपक्रम कुटेश्वर लाइमस्टोन माइन्स में श्रम नियमों के खिलाफ ठेका कंपनी से काम करवाया जा रहा है जबकि श्रम विनिमय एवम उन्मूलन अधिनियम के तहत 1970 की धारा 10 के तहत वर्जित है, क्योंकि भारत सरकार की अधिसूचना ऐसो क्रमांक 707 दिनांक 17.3.1993 अर्थात चूना पत्थर डोलोमाइट को तोड़ना, आकार देना, छटाई करना, चूना पत्थर और डोलोमाइट खनिजो को उठाना, जिसमे ट्रको, डंफर कन्वेयर से लोडिंग, अनलोडिंग और खदान स्थल से कारखाने तक परिवहन का काम ठेकेदारी प्रथा से बंद करवाने का स्पष्ट निर्देश होते हुए भी नियमों की धज्जियां को उड़ाते हुए कुटेश्वर माइंस चूना पत्थर में काम करने वाली ठेका कंपनी कुमार कार्गो हठधर्मिता की हदों को पार करते हुए जबरदस्ती मजदूरों से काम करवा रही है। श्रम नियमों के तहत नही हो रहे इन कामों में रोक लगाने वाले श्रम विभाग भी मूकदर्शक बना हुआ है। श्रम विभाग के द्वारा ना तो खदान, साइडिंग की कभी जांच की जाती है और नाही मजदूरों के हित में किसी तरह के निर्णय लिए जाते है। इस बाबत एक शिकायत आरोप पत्र लुली निवासी श्रमिक नेता पूर्व अध्यक्ष जगदीश प्रसाद तिवारी ने हाल ही में श्रम विभाग जबलपुर एवं श्रम मंत्रालय में शिकायत की है शिकायतकर्ता का आरोप है कि कुमार कार्गो ठेका कंपनी श्रम नियमों के विपरीत काम करवाए जा रहे है।

श्रमिक नेता ने श्रम विभाग में की शिकायत

अखिल भारतीय विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट

भोपाल को 5 रनों से हराकर जबलपुर डिवीजन सेमीफाइनल में

कटनी, यशभारत। जबलपुर डिवीजन की टीम ने फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में खेले जा रहे अखिल भारतीय विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवे दिन कल गुरूवार को एल बी शास्त्री भोपाल की टीम को 5 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एक समय भोपाल की टीम 18 गेंदों पर 20 रनों की दरकार थी ओर उसके 6 विकेट बाकी थे लेकिन जबलपुर के गेन्दबाजों ने घातक गेन्दबाजी करते हुए मैच में टीम की वापसी कराई। 157 के स्कोर पर भोपाल के 4 खिलाड़ी आउट हो गए और यहीं से मैच की बाजी पलट गई। जबलपुर ने मैच जीतकर टूर्नामेंट के अगले राउण्ड में प्रवेश किया। इसके पहले जबलपुर डिवीजन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जबलपुर की शुरूआत खराब रही। ओपनर बल्लेबाज अर्पित पहली ही गेन्द पर आउट हो गए। इसके बाद अर्धशतकीय साझेदारी की बदौलत टीम संकट से बाहर आई। जबलपुर ने निर्धारित 25 ओव्हरों में 9 विकेट के नुकसान पर 170 रनों का स्कोर बनाया। जिसमे अपूर्व द्विवेदी ने 38, जफर अनवर ने 35, वंदित जोशी ने 26 एवं निखिल सिंह ने 25 रनों का योगदान दिया। भोपाल की ओर से विकास दीक्षित ने 3, संपूर्ण त्रिपाठी ने 2 व यथार्थ सिंह, सूरज वशिष्ठ, अंकुश एवं श्री गट्टानी ने एक-एक विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी एल बी शास्त्री भोपाल की टीम की भी शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज अंकुश त्यागी शून्य के स्कोर पर आउट हो गए लेकिन दूसरे छोर पर सूरज वशिष्ट ने मोर्चा संभाले रखा और दीपेश के साथ पारी को संभाला। सूरज वशिष्ट शानदार अर्धशतक लगाते हुए 75 रन बनाए। अनुराग पटेल ने 38 व दीपेश 26 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के स्कोर तक नहीं पहुंच सका। भोपाल की टीम 25 ओव्हरों में 8 विकेट के नुकसान पर 165 रन ही बना सकी और 5 रन से मैच हार गई। जबलपुर की ओर से अजय मिश्रा ने शानदार गेन्दबाजी करते हुए 4 ओव्हरों में 25 रन 3 विकेट लिए। मंगेश यादव ने दो, कप्तान कमल त्रिपाठी, सत्येन्द्र साहू व वंदित जोशी ने एक-एक विकेट लिया। तीन विकेट लेने वाले जबलपुर डिवीजन के खिलाड़ी अजय मिश्रा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आज बनारस एवं हैदराबाद के बीच चौथा क्वार्टर फाइनल मैच खेला जा रहा है। इस मैच की विजेता टीम कल शनिवार को जबलपुर से दूसरे सेमीफाइनल मैच में भिड़ेगी। फाइनल 26 फरवरी को खेला जाएगा। संदीप बक्श एवं उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के रजिस्टर्ड अंपायर सारिक उस्मानी ने अंपायरिंग की।

बरही में सरकारी भूमि पर प्राइवेट कब्जा, वृक्षकुंज मद में दर्ज है भूमि

बरही, यशभारत। सरकारी जमीन में हो रहे प्राइवेट कब्जे की खबर के बाद बरही का राजस्व व पुलिस अमला मौके में पहुंचकर अवैध निर्माण को बंद कराया। गौरतलब है कि बरही नगर के अमरपुर मार्ग स्थित बर्फ फैक्ट्री के पास का अवैध निर्माण का यह मामला है, जहां जो जमीन अभी तक सरकारी थी, जहां पहाड़ खोदकर कालोनी में जाने के लिए रास्ता निकाला गया था। वह भूमि रातोरात प्राइवेट हो गई और अब बेखौफ कब्जाकर निर्माण कार्य किया जा रहा था। अवैध निर्माण रोकने गत 17 फरवरी को यहां प्लाटिंग करने वाले मनोज तिवारी द्वारा हो रहे अवैध निर्माण को रोकने लिखित शिकायत करते हुए निर्माण कार्य बंद कराने मांग की थी, वाबजूद इसके सरकारी भूमि में धड़ल्ले से अवैध निर्माण जारी था। शासकीय भूमि पर कब्जा करके भवन निर्माण किया जा रहा है, जिसका खसरा नं 1210 है, जो रिकार्ड में वृक्षकुंज सरकारी रकवा भी दर्ज है। अब यही भूमि प्राइवेट कैसे हो गई, यह गंभीरता से जांच करने का मामला है। आज से 5 साल पूर्व इसी भूभाग में स्थित पहाड़ को खोदकर प्लाटिंग की गई कालोनी में अवैध तरीके से अवैध कालोनी के लिए रास्ता निकाला गया था। अब उसी रास्ते मे प्राइवेट कब्जा जारी है। हालांकि उक्त रहवासी क्षेत्र में आवागमन के लिए उस सरकारी भूमि से आवागमन के लिए बरही तहसील से नक्शा काटते हुए आम रास्ते के रूप में उक्त भूभाग को सुरक्षित किया गया था। बहरहाल खबर के बाद मौके से निर्माण कार्य बंद करा दिया गया हैए वही निर्माण करने वाले कमलेश जैसवाल व रामजी बंटू ताम्रकार को बरही पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर खबर लिखने तक थाना ने बैठा रखा था।

जांच पूरी, एक्सपर्ट की रिपोर्ट का इंतजार

अस्पताल अग्निकांड : एक्सपर्ट की रिपोर्ट मिलते ही कलेक्टर को भेजा जाएगा जांच प्रतिवेदन

कटनी, यशभारत। जिला चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु विंग में सोमवार की रात हुए अग्निकांड की जांच पूरी कर ली गई है। एसडीएम प्रिया चंद्रावत की अध्यक्षता में आधा दर्जन अधिकारियों की टीम ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर अग्निकांड की बारीकी से जांच की। टीम में विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने फायर सेफ्टी सहित अन्य कई बिन्दुओं पर सूक्ष्मता के साथ जांच पड़ताल की। घटना के बाद कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा 6 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन करते हुए तीन दिनों में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। अस्पताल में हुई इस घटना के बाद सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर ही सवालिया निशान लग रहा है। बिना फायर सेफ्टी नई बिल्डिंग में मरीजों को भर्ती किए जाना आश्चर्यजनक है। यह तो गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु विंग में सोमवार की रात अचानक आग लग गई थी। धुंआ उठता देख मरीजों में अफरा तफरी मच गई थी। प्रसूती वार्ड में आग लगने के बाद ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों ने आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत की। हड़कम्प मचने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड एवं कोतवाली पुलिस को दी थी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा था। इस अग्निहादसे के कारणों की जांच के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने 6 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया था। जिसमे जिसमे एसडीएम प्रिया चंद्रावत, अधीक्षण यंत्री अयूब खान, ईई लोनिवि हरि सिंह, सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुढ़िया, व्ही के गौतम एसडीओ लोनिवि, उपयंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजेश डोंगरे सहित विद्युत सुरक्षा सब इंजीनियर ज्योति यादव शामिल किया गया था। टीम में शामिल अधिकारियों ने जांच के दौरान जिला चिकित्सालय में इस नई बिल्डिंग में कदम-कदम पर लापरवाही पाई थी। रिपोर्ट में सभी तथ्यों को शामिल किया गया है। इसके अलावा आग लगने की स्थिति में फायर सेफ्टी के इंतजाम भी नहीं पाए गए थे। जांच टीम ने सबसे पहले इस बात की जांच की थी कि अस्पताल में आग लगने की स्थिति में फायर एक्सटिंग्यूसर कैसे काम करता है। इस दौरान एक कागज के टुकड़े में आग लगाकर स्प्रिंक्लर के पास ले जाया गया लेकिन हैरानी इस बात की है कि वो न चालू हुआ और न ही अलार्म बजा, जबकि मौके पर मौजूद इलेक्ट्रीशियन भी इन उपकरणों को ऑपरेट नहीं कर पाया। जांच पूरी होने के बाद अब रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

यश भारत
फॉलोअप

इनका कहना है

जिला चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु विंग में पिछले दिनों हुई घटना की जांच पूरी हो गई है। जांच के लिए मिला तीन दिन का समय भी पूरा हो गया है। अब एक्सपर्ट की रिपोर्ट का इंतजार है, जिसमे विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल हैं। आगे की कार्यवाही कलेक्टर द्वारा की जाएगी।
-प्रिया चंद्रावत, एसडीएम

पश्चिम मध्य रेल्वे
खुली निविदा
निविदा सूचना क्र. JBP/M/Tender/04/2023 दिनांक: 17.02.2023 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग) मंडल रेल प्रबंधक यांत्रिक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक दिनांक:** JBP/M/Tender/04/2023, दिनांक: 17.02.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** आरओएच डिपो एन.के.जे/सतना से नामित रेलवे वर्कशॉप/डिपो और वापस वैगन व्हील सेट और वैगन रखरखाव सामग्री का संड़क परिवहन। **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये:** 7081916.31, **टेंडर फॉर्म का मूल्य:** 00, **बयाना राशी रुपये:** 141600.00, **निविदा समापन अवधि:** 12 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 14.03.2023, 15:00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर
कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

पीपी इलेवन की 7 विकेट से शानदार जीत, रूद्र इलेवन को हराया

गायत्री नगर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, विनीत गर्ग ने 25 गेन्दों पर बनाए 82 रन

कटनी, यशभारत। गायत्री नगर में जीपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे शहर एवं आसपास की क्रिकेट टीमों द्वारा शानदार खेल का प्रदर्शन किया जा रहा है। खेल प्रेमी यहां पहुंचकर मैचों का लुत्फ उठा रहे हैं। गायत्री नगर प्रीमियर लीग के अंतर्गत गुरूवार को खेले गए लीग मुकाबले में पीपी इलेवन ने रूद्र इलेवन को 7 विकेट से हराकर टूर्नामेंट के अगले राउण्ड में प्रवेश किया। रूद्र इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओव्हरों में 9 विकेट के नुकसान पर 117 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमे माली ने 30 रन, जीतू ने 16, आदर्श ने 11 एवं बीटू ने 14 रनों का योगदान दिया। पीपी इलेवन की ओर से कप्तान आशीष रैकवार ने 3, मोंटी व डेनी ने 2-2 व सचिन रजक ने 1 विकेट लिया। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपी इलेवन की शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज भोलू एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बावजूद टीम दबाव में नहीं आई और दूसरे सलामी बल्लेबाज विनीत गर्ग ने मैदान में चोकों और छक्कों की बौछार लगा दी। विनीत ने रूद्र इलेवन के गेन्दबाजों की जमकर धुनाई की और मैदान के चारों ओर शानदार स्ट्रोक लगाकर अपनी टीम को 5 गेन्द रहते जीत दिला दी। विनीत ने 25 गेन्दों पर 7 छक्के एवं 4 चोकों की मद से 82 रन बनाए। पीपी इलेवन की ओर से सचिन रजक 16 रन बनाकर नाबाद रहे। अन्य खिलाड़ियों अंतिम गुप्ता, सोनू, संजय शुक्ला, योगेश, युवराज सिंह, अनिकेत एवं रवि होतवानी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। गायत्री नगर में टूर्नामेंट का आयोजन राजदीप ठकुरसिया, रवि छावर, मयंक शुक्ला एवं मुर्तजा खान द्वारा कराया जा रहा है।

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कटनी, यशभारत। भविष्य निधि से जुड़े लंबित मामलों के निराकरण के लिए सरकार द्वारा निधि आपके निकट 2ण्0 कार्यक्रम को जिले में हर माह आयोजित करने के लिए भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। समस्या निराकरण की मांग रखी। इस दौरान बीएमएस जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चक्रवर्ती, जिलामंत्री विनोद पटेल, प्रदेश मंत्री कमलेश पटेल उपस्थित रहे।

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी,
मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

From 17th February 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 17 to 23 Feb,2023

Audi-01	Show
SHEHZADA	10.30.00 AM
SHEHZADA	1.15.00 PM
SHEHZADA	4.00.00 PM
SHEHZADA	6.45.00 PM
SHEHZADA	9.30.00 PM
Audi-02	**Show**
SHEHZADA	12.00.00 PM
ANT-MAN & THE WASP 3D HINDI	3.00.00 PM
ANT-MAN & THE WASP 3D HINDI	5.30.00 PM
ANT-MAN & THE WASP 3D HINDI	8.00.00 PM
Audi-03	**Show**
PATHAAN	12.00.00 PM
PATHAAN	3.00.00 PM
SHEHZADA	6.00.00 PM
SHEHZADA	9.00.00 PM

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Millal MALL
paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

संपादकीय

आप का राज, भाजपा को वनवास

दिल्ली के महापौर व चुनाव में उप महापौर आम आदमी पार्टी का सफलता मिली। जहां शैली ओबेरॉय भाजपा की रेखा गुप्ता को हरा कर मेयर पद के लिए चुनी गई वहीं आप के ही आले मोहम्मद इकबाल ने भाजपा के कमल बागड़ी को पराजित कर उपमहापौर चुने गए। दिल्ली नगर निगम के महापौर और उप महापौर के निर्वाचन के लिये एमसीडी का यह चौथा प्रयास था। मनोनीत सदस्यों को वोट देने के अधिकार को लेकर हंगामे के बीच पिछले तीन चुनाव नहीं हो पाये थे। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट में गया जिसमें शीर्ष अदालत ने यह फैसला दिया कि उप राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्य महापौर के चुनाव में वोट नहीं दे सकते। आखिरकार शीर्ष अदालत की दखल के बाद हुए इस चुनाव को आप अपनी नीतियों की जीत बता रही है। इस बीच, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट किया, 'गुंडे हार गए, जनता जीत गई। दरअसल, दिसंबर 2022 में हुए दिल्ली नगर निगम चुनाव के बाद भाजपा 15 साल राज करने के बाद सत्ता से बाहर हो गई। दरअसल, बुधवार को हुए चुनाव में कांग्रेस के नौ पार्षदों ने चुनाव में भाग नहीं लिया। उल्लेखनीय है कि विपक्षी पार्षदों के लगातार हंगामे के बाद आप की मेयर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय चुनाव कराने के लिये सुप्रीम कोर्ट चली गई थीं। दरअसल, एक विवाद का विषय उप राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्यों के वोटिंग अधिकार को लेकर था। तब सुप्रीम कोर्ट ने आप प्रत्याशी के पक्ष में निर्देश देते हुए कहा था कि दिल्ली में एमसीडी मेयर के चुनाव में मनोनीत सदस्य मतदान नहीं कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मेयर चुनाव में कुल 274 पार्षदों के बीच 138 वोट हासिल करने जरूरी थे। वैसे शैली ओबेरॉय ने एमसीडी का ताज तो हासिल कर लिया है, लेकिन उनकी सल्तनत सिर्फ 31 मार्च तक ही रहेगी।बहरहाल, यह वक्त बतायेगा कि अपने 38 दिन के कार्यकाल में शैली ओबेरॉय जनता की आकांक्षाओं पर कितना खरा उतर पायेंगी। दरअसल, डीएमसी की धारा दो (67) के अनुसार दिल्ली नगर निगम का साल एक अप्रैल से आरंभ होकर अगले साल 31 मार्च तक समाप्त होता है। फिर कायदे से नये महापौर का चुनाव होगा। बहरहाल, दिल्ली नगर निगम के चुनाव के अस्सी दिन के बाद दिल्ली को अपना नया मेयर मिल ही गया है। वह भी एक दशक बाद मेयर के रूप में महिला मेयर मिली है, इससे पहले भाजपा की महिला मेयर बनी थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में जिस दिल्ली नगर निगम को तीन भागों में बांटा गया था, उन्हें एक बार फिर बीते साल एक कर दिया गया था। एकीकरण के बाद यह पहला चुनाव था, जिसमें आप ने बाजी मारी है। अब देखना होगा कि आप अपने वायदे के अनुसार दस गारंटियों व विवादित लैंडफिल मामले में किस हद तक सफल होती है। लेकिन अभी दिल्ली की मेयर शैली के लिये बड़ी चुनौती एमसीडी में स्थायी समितियों के चयन व समर्थन हासिल करने की होगी। दरअसल, स्थायी समिति के छह सदस्यों के चुनाव के लिये सीधे चुनाव का फार्मूला लागू होता है,जिसमें वरीयता क्रम में पहले 36 वोट पाने वाले पार्षद की जीत होती है। यदि कांग्रेस के पार्षद मतदान करते हैं तो आप को उसका फायदा मिलेगा। उसके 134 वोट होने के कारण उसे पहली तीन सीटें मिल सकती हैं। ऐसे में आप के लिये नगर निगम के भीतर मनमाना फैसला ले पाना आसान भी नहीं होगा क्योंकि कार्यकारी शक्तियां चुनी गई स्थायी समितियों के पास ही होती हैं। जबकि मेयर के पास व्यवस्था चलाने की सीमित शक्तियां ही होती हैं। बहरहाल, दिल्ली में आखिरकार बहुमत का जनादेश पाने वाले दल को ही कामयाबी मिली है।

भारत पर चीन की बढ़ती आक्रामकता के विरुद्ध अमेरिका

भारत समेत एशिया के दूसरे देशों के प्रति चीन की आक्रामकता किसी से छिपी नहीं है। भारत की ही यदि बात की जाए तो उसकी आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चीन अरुणाचल प्रदेश से लगती सीमा पर सामरिक महत्व के ठिकानों के अलावा अनाधिकृत रूप से गांव बसाने की तैयारी में जुटा है। चीन का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश जिसे वह दक्षिण तिब्बत का जंगनान क्षेत्र कहता हैए से जुड़ी नीति में उसने कोई परिवर्तन नहीं किया है।

चीन लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश को विवादित क्षेत्र बताता रहा है। लगभग दो वर्ष पहले चीन ने अरुणाचल प्रदेश की वास्तविक सीमा के करीब साढ़े चार किलोमीटर अंदर घुसकर सुबनसिरी जिले में एक गांव बसा दिया था। नवंबर 2020 में उपग्रह से ली गई तस्वीरों के माध्यम से भारत सरकार को इस बात की जानकारी मिल पाई थी। हालांकि इस घटना के लगभग एक वर्ष बाद उपग्रह से ली गई तस्वीरों में यह गांव नहीं दिखाई दियाए परंतु इस संबंध में भारत सरकार को अभी भी पूर्णतया सचेत रहना होगा। वस्तुतय सुबनसिरी जिले की सीमा लंबे समय से विवाद का हिस्सा रही है। इसे लेकर सशस्त्र संघर्ष भी हो चुका है। इसके बावजूद यह पूरी घटना देश की खुफिया एजेंसियों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है।

चीन भारत के अक्साइ चिन के अलावा भूटान के अंदर लगभग दो किमी की भूमि समेत नेपाल की 150 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर चुका है। इसके अलावा चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद कायम हैए जो उसकी विस्तारवादी नीति को दर्शाता है। चीन तिब्बत के सीमाई क्षेत्रों में तेजी से रेलमार्गों और सड़कमार्गों का निर्माण कर रहा है ताकि इस क्षेत्र में संरचनात्मक ढांचे को मजबूत बनाया जा सके। भारतीय सीमा के अंदर चीन द्वारा गांव बसाना उसके विस्तारवादी षड्यंत्र का ही दुष्परिणाम है। चीन की इस तरह की मंशा को भांपकर ही अरुणाचल प्रदेश से भाजपा सांसद तापिर गावो ने संसद में कहा था कि राज्य में चीन की घुसपैठ निरंतर बढ़ रही है। यह सभी घटनाएं बताती हैं कि चीन के प्रति भारत को और सजग रहने की आवश्यकता है।

चीन की हमेशा ही कुटिल निगाह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर रही है। वर्ष 1962 के युद्ध के समय चीन ने भारत के पूर्वोत्तर हिस्से में अपने सैनिकों की सबसे बड़ी टुकड़ी तवांग मार्ग से असम की सीमा पर भेजी थी। भारत चीन की मंशा को अच्छे से जानता है। अतएव पिछले एक दशक में समूचे अरुणाचल प्रदेश में ढांचागत विकास को बहुत तेज किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीमा पर विकास कार्यों को निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। भारत सरकार द्वारा सीमा पर किया जाने वाला यह विकास और चीन को दो टूक जवाब उसके लिए परेशानी का कारण बन रहा है। दरअसल वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश से लगे सीमाई इलाकों में भारत सरकार 63 सड़कें बना रही है। इनमें से कई सड़कें और पुल तैयार होने के साथ आवागमन के लिए खोल भी दिए गए हैं। परिणामस्वरूप भारतीय सैनिकों की सीमा तक पहुंच आसान हो गई है। सनद रहे कि वर्ष 1962 में स?कें नहीं होने के कारण ही भारतीय सेना को बहुत नुकसान उठाना पड़ा था।

चीन की घुसपैठ रोकने के लिए तवांग समेत अरुणाचल प्रदेश के अन्य सीमा क्षेत्र में भारत ने अपने सैनिकों की संख्या और हथियारों के जखीरे बढ़ा दिए हैं। इसलिए चीन जिस रास्ते से भी घुसने की कोशिश करता हैएउसे भारतीय सेना तत्काल समुचित जवाब दे देती है।

चीन ने अपनी मंशा को अंजाम देने के लिए एक ऑनलाइन मानचित्र सेवा शुरू की हैए जो कमोबेश गूगल अर्थ की तरह ही काम करती है। इसमें उसने भारतीय भूभाग अरुणाचल और अक्साई चिन को अपने देश का हिस्सा बताया है और इसे चीनी भाषा मंदारिन में लिखा है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताया है। चीन की भारत के विरुद्ध मंशा में पाकिस्तान भी पूरी मदद कर रहा है। चीन को खुश करने की दृष्टि से पाकिस्तान गुलाम जम्मू कश्मीर का 5180 वर्ग किमी क्षेत्र चीन को भेंट कर चुका है। चीन ने इस क्षेत्र में कुछ वर्षों के भीतर ही अरबों डालर का पूंजी निवेश किया है। इसके तहत चीन के शिनजियांग प्रांत से सीधे इस्लामाबाद पहुंचने के लिए काराकोरम सड़क मार्ग भी तैयार किया गया है। चीन ने तिब्बत में समुद्र तल से लगभग 3750 मीटर की उंचाई पर बर्फसे ढके गैलोंग्ला पर्वत पर 33 किमी लंबी सुरंग बनाकर हाईवे बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यह सड़क सामरिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण हैए क्योंकि तिब्बत में मोशुओ काउंटी भारत के अरुणाचल प्रदेश का अंतिम छोर है। अभी तक यहां कोई सड़क मार्ग नहीं था। चीन अपनी साम्रज्यवादी नीति को विस्तार देते हुएए वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास नई रेल लाइन बिछाने की तैयारी भी कर चुका है।

चीन केवल सीमा पर ही भारत को टक्कर देने की कोशिश नहीं कर रहा हैए बल्कि उसका खेल इससे कहीं अधिक बड़ा है। चीन प्राचीन भारतीय संस्कृत साहित्य से भी काफी कुछ सीखकर उस पर काम कर रहा है। इन प्राचीन साहित्यों का चीन मंदारिन भाषा में अनुवाद कराकर भी बड़ी बौद्धिक संपदा के वैज्ञानिक सूत्र हड़प चुका है। चीन के संस्कृत विद्वान ची श्येनलिन ने कई संस्कृत साहित्यों का अनुवाद किया है। चीन ने खगोल विज्ञानए जीन एडिटिंग और कृत्रिम बारिश के आविष्कार इन्हीं भारतीय सूत्रों से प्राप्त किए हैं। चीन की मंशा को अब अमेरिका समेत सभी पश्चिमी देश जान चुके हैं। यही वजह है कि अमेरिका अब भारत के समर्थन में खुलकर आ गया है। न केवल भारतए बल्कि तमाम दूसरे एशियाई देशों के साथ भी अमेरिका अब ख?ा दिखाई दे रहा है। अमेरिकी आसमान में चीन के कथित जासूसी गुब्बारे की घटना के बाद अमेरिका की सोच में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इस तरह के जासूसी गुब्बारे हिलियम गैस से भरे होते हैं। इसके निचले हिस्से में धरती की ओर मुख किए हुए जूम लैंस युक्त कैमरे लगे होते हैं। इनमें छोटी वस्तु को बड़ा करके चित्र लेने की क्षमता होती है। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम वाले कैमरे भी लगे होते हैं। रात्रि में तस्वीर लेने इंफ्रारेड कैमरे भी लगे होते हैं। इस गुब्बारे को मार गिराने के बाद अमेरिका ने दावा किया है कि इसमें ऐसी संचालक शक्ति प्रोपेलर भी लगी हुई थीए जो कैमरों को चित्र खींचने के लिए उपग्रह की तरह ऊर्जा देने में सक्षम थी। इस गंभीर जासूसी से अमेरिका की बेचैनी बढ़ना स्वाभाविक है। भविष्य में चीन इस तरह की गुस्ताखी न करेए इस लिहाज से अमेरिका ने भारत के बहाने चीन पर लगाम लगाने की कोशिश की है। इसीलिए अब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चीन की बढ़ती आक्रामकता को लगातार आड़े हाथ ले रहे हैं।

-प्रमोद भार्गव

अरुणाचल प्रदेश पर अमेरिका का स्पष्ट रुख

अमेरिका से चीन के खराब होते संबंधों के परिप्रेक्ष्य में भारत के प्रति अमेरिका की दृष्टि तेजी से बदल रही है। अमेरिकी संसद में अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देने का एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया गया। यह बिल डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर जैफमर्कले और रिपब्लिकन पार्टी के नेता बिल हैगर्टी ने मिलकर पेश किया है। इंडिया काकस के सहअध्यक्ष एवं सीनेटर जान कार्निन ने इस प्रस्ताव को संयुक्त रूप से तैयार किया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को एक विवादित क्षेत्र के रूप में नहींए बल्कि भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देता है। प्रस्ताव में चीन द्वारा भारतीय सीमा क्षेत्र में सैन्य बल के उपयोगए भारतीय क्षेत्रों में अनाधिकृत गावों का निर्माणए अरुणाचल के शहरों एवं क्षेत्रों का मंदारिन भाषा में अपने देश के मानचित्र में प्रकाशन करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा ;एलएसीद्ध पर यथास्थिति बदलने की कोशिश की घोर निंदा की है। चीन अरुणाचल पर अपना दावा करने के साथ इसे दक्षिण तिब्बत कहता हैए जो पूर्णतया गलत है। अमेरिका ने चीन और भारत के बीच मैकमोहन रेखा को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता देने की पुष्टि भी की है। इसमें चीन द्वारा भूटान के क्षेत्रों में सीमा विस्तार समेत चीनी उकसावे की भी निंदा की गई है। इन सांसदों का कहना है कि चीन मुक्त और खुले हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए खतरा पैदा कर रहा है। ऐसे में हमारे लिए अपने रणनीतिक सहयोगियों के साथ खड़ा होना आवश्यक है। अमेरिका का यह सोच उसके आकाश में कुछ दिनों पहले मार गिराए गए चीन के कथित जासूसी गुब्बारे के बाद बदला है। इस घटना के बाद यह सवाल जोरों से उठ रहा है कि क्या चीन अमेरिका और भारत जैसे अपने ब? रणनीतिक विरोधियों की खुफिया जानकारी एकत्रित करने का प्रयास कर रहा है। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर वैरी ने वर्ष 2020 में कहा था कि चीनी जासूसी की वजह से अमेरिका की बौद्धिक संपदा और प्रकारांतर से उसकी अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

वर्ष 2022 में चीन ने ऐसा ही एक गुब्बारा भारतीय आसमान में भी भेजा था। चीन की इस तरह की गतिविधियों के संदर्भ में अमेरिका हिंद महासागर क्षेत्र के देशों की खुलकर पैरवी कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हांगकांग में चीन के अड़ियल रवैये और चीन के शिनजियांग प्रांत में उईगर मुस्लिमों को प्रताड़ित किए जाने का मुद्दा भी उठाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस संदर्भ में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को चेतावनी भी दे चुके हैं। अपनी नई कूटनीति के अंतर्गत अब अमेरिका भारतए जापानए वियतनाम और फिलीपींस के हितों की भी सुरक्षा के लिए सचेत दिखाई दे रहा है। चीन जिस तरह से पश्चिमी देशों के प्रति आक्रामकता दिखा रहा हैए उस परिप्रेक्ष्य में अमेरिकाए ब्रिटेन और यूरोप के लिए यह जरूरी हो गया है कि चीन पर अंकुश लगाने के लिए वे भारतीय हितों की खुली पैरवी करें। बिना भारत के सहयोग के चीन पर दबाव बनाना संभव भी नहीं है। वैसे भी अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में भारत की मदद से ही ऐसे खतरों से निपटा जा सकता है।

आपका राशिफल 25 फरवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

फिल्म वर्ग पहेली - 6087

बायें से दायें:-

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरुख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम को 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. फिल्म 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि, जेबा, अश्विनीभावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. जॉन, बिपाशा की एक फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बता' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है-३

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. १९७१ के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी जे.पी. दत्ता की फिल्म-३
३. 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. फिल्म 'खुशी' में फरदीन खान की नायिका कौन है?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली फिल्म-३
१५. रेखा की पहली हिंदी फिल्म-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ दिलवाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की 'आज गाली मुस्कुराती' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की 'फूलों से जो खुशबू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, दुआ की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6086



Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6601

★★★★☆ मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6600 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

सर्दियों में शरीर को अंदर से गर्म रखेंगी ये चीजें

ठंड ने दस्तक दे दी है और लोगों ने शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म कपड़ों और रुम हीटर का इस्तेमाल शुरु कर दिया है। लेकिन ये सारी चीजें आपके शरीर को सिर्फ बाहर से ही गर्म रखती हैं। वहीं शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए खान-पान पर ध्यान देने बहुत ही जरुरी है। डाइट में ऐसी चीजें शामिल करें जिनकी तासीर गर्म हो। ऐसा करके आप खुद को सर्दी और फ्लू जैसे इंफेक्शन से बचा सकते हैं। आईए जानते हैं इस मौसम में गर्म तासीर के खाने कौन से हैं जो आपके शरीर को अंदर से गर्म रखने का काम करेंगे।

शहद

शहद में कई ऐसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं जो आपके शरीर में उर्जा देते हैं। शहद हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करता है। इसके साथ ही गले की खराश को दूर करता है और सर्दियों में होने वाली आम परेशानियों से भी लड़ने में मदद करता है।

देसी घी

सर्दियों में आपको देसी घी को अपनी डाइट में जरुर शामिल करना चाहिए। इससे आपके शरीर की गर्मी और टेंपरेचर को बैलेंस करने में मदद मिलती है, क्योंकि इसमें फैटी एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

गुड़

गुड़ में पर्याप्त मात्रा में कैलरी होती है। ये शरीर को अंदर से गर्म रखने में बहुत फायदेमंद है। शरीर को गर्म रखने के लिए गुड़ को मीठे व्यंजनों में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

तिल

सर्दियों में तिल को कई तरीकों से डाइट में शामिल किया जा सकता है। खासतौर पर मिठाइयां बनाने में इसका काफी ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। तिल के बीज आपके शरीर को गर्म रखते हैं। कई मायनों में तिल फायदेमंद मना जाता है।

दालचीनी

दालचीनी में ऐंटि -ऑक्सिडेंट और एंटिबायोटिक गुण मौजूद होते हैं। इसे आप किसी भी मीठी डिश, नमकीन, बेकिंग और स्नैक्स में डाल सकते हैं। इसकी तासीर गर्म होती है। सर्दियों में इसका सेवन करने से शरीर में मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जिससे शरीर में गर्मी पैदा होती है। दलचीनी का पानी पीने से खांसी भी ठीक हो जाती है।

विचार प्रवाह

इंसान सुखी रहने के लिए मकान बदलता है, दुकान बदलता है, लिबास बदलता है, दोस्त बदलता है, गाड़ी बदलता है, मोबाइल बदलता है फिर भी दुखी हे क्यों? क्योंकि वह सब कुछ तो बदलता है पर अपने आप को नही बदलता, अपने स्वभाव को नहीं बदलता। सुखी होने का एक ही उपाय है अपने को बदलिए। सामने वाला नहीं बदलेगा।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7639



बाएँ से दाएँ

1.पेड़,दरख्त-2
3.प्रार्थना,पूजना-4
6.आदर्श,पैमाना-3
8.त्वचा,चमड़ी,खाल-2
10.सड़ने की प्रक्रिया,गलन-3
12.देव,देवता-2
13.चलने का ढंग-2
14.प्रशंसा,गुणगान-3
16.आरामदायक-5
17.कक्ष,रूम-3
19.हिंदू कलैंडर का एक महीना, भाद्रपा-2
20.500 कागजों की गड्डी-2
21.कबाड़,खराब वस्तु-3
24.मजा,मस्ती-2
26.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
28.शोरगुल,-4
29.तह,परत-2

ऊपर से नीचे

2.माफी-2
3.झूठी शान,घमंड-3
4.गर्दन से नीचे का शरीर,देह-2
5.अपराध,गुनाह-2
7.रग,नाड़ी-2
8.सूत कातने का यंत्र-3
9.एकाएक-4
11.शीश झुकाए हुए-5
12.भोर,प्रातः-3
15.ननद का पति-4
16.विश्राम,राहत-3
18.रोगी,बीमार-3
22.उच्चतम-3
23.गरबा,नृत्य-2
24.मृत्यु-2
25.रास्ता,मार्ग-2
27.आनंदित,मौजी-2

शब्द पहेली -7638 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

एमपी मतलब मदिरा प्रदेश वाले बयान पर भड़की बीजेपी

सीएम ने कमलनाथ पर राज्य के अपमान का लगाया आरोप

■ भोपाल, यशभारत।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के एमपी यानी मदिरा प्रदेश वाले बयान पर बीजेपी बिफर गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कमलनाथ का यह बयान प्रदेश के आठ करोड़ लोगों का अपमान है। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने भी नई शराब नीति की तारीफ करते हुए कमलनाथ पर निशाना साधा है। बुधवार को छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने कहा था कि शिवराज ने एमपी को मदिरा प्रदेश बना दिया है। पूरे राज्य में हर गांव में सस्ती शराब मिल रही है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि कमलनाथ का बयान राज्य का और जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ का राज्य की मिट्टी और संस्कृति से कोई लेना देना नहीं है। वे यहां की जड़ों से नहीं जुड़े हैं। उन्होंने इस टिप्पणी से राज्य के आठ करोड़ नागरिकों का अपमान किया है। यह मध्य प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं का अपमान है। शिवराज ने कमलनाथ से सवाल पूछते हुए कहा कि भाजपा ने जनभाअवनाओं और माताओं-बहनों के सम्मान को देखते हुए आबकारी नीति बनाई है, आप बताइये कि मुख्यमंत्री रहते हुए आपने क्या किया। आपने फैसला किया था कि शराब ठेकेदार उपदुकान खोल सकेंगे। आपने लाइसेंस के नियम आसान बनाये। आपने तय किया कि ऑनलाइन शराब की बिक्री और महिलाओं के लिए अलग से शराब की दुकान होगी। भाजपा की नीति नशे को हतोत्साहित करने की है,

इसलिए हमने तय किया कि शराब के सभी अहाते बंद होंगे। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि देश और मध्य प्रदेश को बदनाम करना कांग्रेस का स्वभाव है। कमलनाथ जी का मध्य प्रदेश को च्मदिरा प्रदेशज्कहना उसी स्वभाव का हिस्सा है। सच्चाई यह है कि शराब सेवन को हतोत्साहित करने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। खुद मुख्यमंत्री रहते हुए शराब की नई-नई दुकानें खोलने को मंजूरी देने वाले कमलनाथ जी इसकी अहमियत नहीं समझेंगे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार नशे के पूरी तरह खिलाफ है। इसीलिए कैबिनेट ने सभी अहातों को बंद करने का फैसला लिया है। कमलनाथ बेवजह सरकार को बदनाम कर रहे हैं। इधर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उज्जैन, जबलपुर और कुछ अन्य शहरों में कमलनाथ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि कमलनाथ अपने बयान के लिए माफी मांगें। बुधवार को अपने गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने कहा था, '' जब हम कहते हैं कि हम मध्य प्रदेश से हैं तो हमें बताया जाता है कि हम मदिरा प्रदेश से हैं। यह अब मध्य प्रदेश का पूर्ण रूप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अच्छे दिनों का वादा किया था।

बजट सत्र में आएंगे पांच विभागों के विधेयक

सीएम बोले– आत्मनिर्भर प्रदेश के निर्माण का बजट होगा

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की। सीएम ने कहा कि विधानसीाा में विभिन्न विभागों की ओर से दिये जाने वाले उत्तर स्पष्ट और तथ्यपरक हो। सभी विभाग अपने से संबंधित जानकारियां समय रहते संसदीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराएं। बजट सत्र के दौरान अधिकारी मुख्यालय पर ही रहें। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाला बजट आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को आगे बढ़ाने वाला बजट होगा। बजट में विभिन्न विभागों के लिए किए जा रहे प्रावधानों के संबंध में विभागीय मंत्रीगण बजट प्रस्तुत होने के बाद प्रदेशवासियों से इन प्रावधानों के संबंध में सार्थक संवाद भी करें। बैठक में जानकारी दी गई कि 27 फरवरी से 27 मार्च तक चलने वाले सत्र में 5 विभागों के 8 विधेयक संभावित हैं, जिनमें वित्त विभाग के 3, नगरीय विकास एवं आवास के 2, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, उच्च शिक्षा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग का एक-एक विधेयक शामिल हैं। बैठक में सभी 55 विभागों की शून्यकाल, अपूर्ण उत्तर, आश्वासन और लोक लेखा समिति की लंबित सिफारिशों के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई।मध्य प्रदेश सरकार का बजट 1 मार्च को विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा पेश करेंगे। इस बार का बजट 3 लाख करोड़

नक्सली हमले में मौत पर पांच और अपंगता पर चार लाख रुपये की मिलेगी सहायता

■ भोपाल, यशभारत।

नक्सली हमले से प्रभावित होने वाले लोगों की सहायता के लिए मध्य प्रदेश सरकार पहली बार नीति बना रही है। गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार नक्सली हिंसा में पीड़ितों के लिए बनाई जा रही नीति में कई बड़े प्रावधान किए जा रहे हैं। पीड़ित परिवार को जीवन यापन के लिए खदान भी देने का प्रस्ताव है। साथ ही उन्हें सामाजिक न्याय विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ दिया जाएगा। इस नीति को लेकर गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के बीच हाल ही में बैठक हो चुकी हैहमले में मारे जाने पर मृतक के स्वजन को राज्य सरकार की तरफ से पांच लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। साथ ही जीवनयापन के लिए दो एकड़ जमीन और परिवार के किसी व्यक्ति को तृतीय श्रेणी की नौकरी मिलेगी। इसी तरह अपंगता होने पर पीड़ित को चार लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। हमले में पुलिसकर्मी के बलिदान होने पर 20 लाख रुपये और अपंगता पर चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। विधानसभा चुनाव के पहले सरकार यह नीति लागू करने की तैयारी में है। इसके अलावा नक्सलियों के समर्पण के लिए भी सरकार उदार नीति बना रही है। बता दें कि प्रदेश में बालाघाट, मंडला और डिंडौरी जिले को नक्सल प्रभावित घोषित किया गया है। तीनों जिले में मिलाकर करीब सौ नक्सली सक्रिय हैं। सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित बालाघाट है। यहां मुखबिरी के शक में ग्रामीणों की हत्या की आधा दर्जन से अधिक घटनाएं बीते तीन वर्ष में हो चुकी हैं।

नाबालिग छात्रा से पूर्व सहपाठी ने किया दुष्कर्म, प्रकरण दर्ज

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के हनुमानगंज थाना क्षेत्र में 12वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित उसके साथ पहले स्कूल में पढ़ता था और उसी दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी। आरोपित भी नाबालिग है। आरोपित ने उसे मिलने के लिए बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के विरोध करने पर उसने शादी का झांसा देकर उसे चुप करा दिया। बाद में भी वह छात्रा का शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने जब शादी के लिए दबाव डाला तो उसने दूरी बना ली। पुलिस ने नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी ने स्वजन के साथ आकर शिकायत दर्ज कराई। उसमें बताया कि हमीदिया अस्पताल के पूर्वी गेट के पास रहने वाला किशोर उसके साथ नौवीं कक्षा तक पढ़ा था। इस वजह से उनका आपस में परिचय था। नौवीं के बाद दोनों अलग-अलग स्कूल में पढ़ने लगे थे। वर्ष 2022 में उनके बीच फिर बातचीत शुरू हो गई। तीन मई को उसने छात्रा को अल्पना टाकीज के पास मिलने के लिए बुलाया था। वह उसे अपने साथ ले गया और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने घटना के बारे में घर में बताने की बात कही, तो उसने शादी करने का भरोसा देकर उसे चुप करा दिया।

पढ़ने का बोलकर कमरे में गई 12 वीं की छात्रा फंदे पर लटकी मिली

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के ऐशबाग थाना क्षेत्र में परिजनों के साथ खाना खाकर पढ़ने के लिए अपने कमरे में गई कक्षा 12वीं की छात्रा कुछ देर बाद फांसी के फंदे पर लटकी मिली। पता नहीं कुछ मिनटों में ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से उसने खुदकुशी कर ली? छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट भी पुलिस को नहीं मिला है। उसके परिजनों ने भी बयान में कोई ठोस वजह नहीं बताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। ऐशबाग पुलिस के अनुसार मृतका अरीबा अली, बाग दिलकुशा क्षेत्र में परिवार के साथ रहती थी। वह कक्षा 12वीं की छात्रा थी। बीती रात खाना खाने के बाद घर की पहली मंजिल पर पढ़ने के लिए चली गई। डेढ़ घंटे बाद भी कमरे से बाहर नहीं निकली तो छोटी बहन उसे देखने पहुंची, तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने अनहोनी की आशंका जताते हुए परिजनों को आवाज लगाई तो अरीबा के चाचा मौके पर पहुंचे। वे दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद अरीबा को मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी एएसआई काशीराम ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है। परिजनों के बदहवाश होने के कारण उनके बयान नहीं हुए हैं। पूछताछ में किसी ने ऐसा कोई कारण नहीं बताया, जिससे आत्महत्या का खुलासा हो सके।

करोंद में रविंद्र भवन की तर्ज पर बनेगा कन्वेंशन सेंटर, युवाओं के लिए बनेगा खेल परिसर

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल के रविन्द्र भवन की तर्ज पर करोंद क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर बनाया जायेगा। गुरूवार को विकास यात्रा के दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने यह घोषणा की। मंत्री ने कहा कि करोंद क्षेत्र में करोड़ों की लागत से सर्वसुविधायुक्त कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जायेगा। इसी के साथ क्षेत्र के युवाओं के लिये भव्य खेल परिसर का भी निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि करोंद क्षेत्र को उपनगर बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम सिद्ध होगा। मंत्री ने वार्ड 79 में करोंद चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि रविन्द्र भवन की तर्ज पर करोंद क्षेत्र में करोेों की लागत से कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। कन्वेंशन सेंटर बहुउपयोगी होगा, जहां बड़े सांस्कृतिक और धार्मिक समारोह सम्पूर्ण भव्यता के साथ हो सकेंगें। मंत्री ने करोंद में चिन्हित स्थान पर खेल परिसर के निर्माण की भी घोषणा की।

बलगम में आ रहा था खून, जांघ के रास्ते फेफड़े में कैथेटर डालकर

■ भोपाल, यशभारत।

हमीदिया अस्पताल में बुधवार को मरीज की खांसी में आ रहे खून को रोकने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया। मरीज की जांघ की महाधमनी (आर्टरी) के रास्ते फेंफ? की आर्टरी को ठीक कर दिया गया। टीबी के मरीजों के लिए पहली बार इस तरह की प्रक्रिया का इस्तेमाल किया गया है।जानकारी के मुताबिक पुराने शहर के रहने वाले जावेद खान करीब 20 दिन से बलगम में खून आने से परेशान थे। मरीज ने क्षेत्रीय श्वसन रोग संस्थान में डा निशांत श्रीवास्तव को दिखाया। यहां तमाम उपचार के बावजूद परेशानी दूर नहीं हो रही थी। यहां जांच के बाद पता चला कि मरीज के फेंफ? में इंफेक्शन के कारण आर्टरी में केविटी हो गई थी। केविटी के आर्टरी में छेद हो गया, जिससे खून मरीज के फेंफड़ों में जमा होने लगा था। ऐसे में वह जब भी खांसता तो मुंह से खून आ रहा था। जांच के बाद मरीज को कार्डियोलाजी विभाग भेजा गया। यहां जांच के बाद विभागाध्यक्ष डा. राजीव गुप्ता और रेडियोडाग्नोसिस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लवली कौशल ने मरीज का ब्रोंकाइल आर्टरी एम्बुलाइजेशन तकनीक से इलाज करने का निर्णय लिया। मरीज का उपचार कार्डियोलाजी विभाग की कैथलैब में किया गया। डा. लवली कौशल ने बताया कि यह प्रोसीजर इंटरवेंशन रेडियोलाजी विभाग के अंतर्गत किया जाता है। इसमें आर्टरी में तरल पदार्थ या चूर्ण डालकर खून के प्रवाह को रोका जाता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए मरीज की जांघ की आर्टरी में छोटा सा चीरा लगाकर एक कैथेटर डालकर उसे फेंफड़े की आर्टरी के पास पहुंचाया गया।

15 मिनट में खून की नली को किया ठीक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन मार्च को अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारंभ करेंगी

■ भोपाल, यशभारत।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 3 मार्च को भोपाल में आरंभ हो रहे 7वें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारंभ करेंगी। सम्मेलन में 16 देशों के प्रतिनिधि और 6 देशों के संस्कृति मंत्री शामिल होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की आगामी भोपाल यात्रा के लिए जारी तैयारियों की समीक्षा की। सीएम ने कहा कि अतिथि देवो भवःकी परम्परा के अनुसार पूर्ण गरिमा और आत्मीयता के साथ सम्मेलन का आयोजन किया जाये। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन की व्यवस्थाएं ऐसी हों जिसमें मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर प्रभावी रूप से परिलक्षित हो। विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि मध्यप्रदेश की सुखद स्मृतियां लेकर अपने देशों में लौटे और मध्यप्रदेश की सकारात्मक छवि वैश्विक स्तर पर निर्मित हो। प्रवासी भारतीय सम्मेलन के समान ही इस आयोजन की तैयारियां की जाये।

राजकीय विमानतल पर हुई बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव संस्कृति सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण पल्लवी जैन गोविल, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना, प्रमुख सचिव जनसंपर्क राघवेन्द्र सिंह और सांची बौद्ध विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता उपस्थित रही। बैठक में जानकारी दी गई कि 7वें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन 3 से 5 मार्च 2023 तक कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामय उपस्थिति में 3 मार्च को दोपहर 12.15 बजे से शुरू होने वाले शुभारंभ-सत्र में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सम्मिलित होंगे। शुभारंभ-सत्र में श्रीराम जन्म-भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के स्वामी गोविंददेवगिरि जी महाराज का उद्बोधन भी होगा। अतिथियों द्वारा च्द्द पेनारोमा ऑफ इंडियन फिलोसपर्स एंड थिंकर्स पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। प्रथम दिवस के दूसरे-सत्र में इंडिया फाउंडेशन की गवर्निंग कॉउंसिल के सदस्य राम माधव की अध्यक्षता में मिनिस्टर-सत्र में भूटान, श्रीलंका, नेपाल और इंडोनेशिया के संस्कृति मंत्री अपने विचार रखेंगे। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों, विश्वविद्यालय के साथ ही अमेरिका, साउथ कोरिया, थाईलेंड, स्पेन, वियतनाम, मॉरीशस, रशिया, भूटान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, नेपाल, मंगोलिया, फ्रांस आदि देशों से आए विद्वान तथा शोधार्थी भाग लेंगे।

प्रापर्टी ब्रोकर को पत्नी नहीं बेटे ने मारी थी गोली, चली थीं दो गोलियां

■ भोपाल, यशभारत।

अशोका गार्डन थाना पुलिस ने गुरुवार को प्रापर्टी ब्रोकर ताहिर अली की हत्या के बाद फरार उसकी पत्नी अंजुम को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के साथ ही उसे एक दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई है। इसमें इस बात से पर्दा उठ गया कि घटना के दिन अंजुम ने अपने पति को गोली नहीं मारी थी, बल्कि गोली उसके बेटे ने चलाई थी। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि आरोपित ने गोली चलाने की बात कबूल कर ली है। प्रापर्टी ब्रोकर की हत्या के लिए जिस रिवाल्वर से गोली मारी गई, वह भी मृतक की ही थी, जिसे उसके बेटे ने चुरा लिया था। पुलिस को अब इस मामले में तीन हमलावरों की तलाश है।पुलिस के मुताबिक मयूर विहार कालोनी अशोका गार्डन निवासी 49 साल के ताहिर अली प्रापर्टी ब्रोकर थे। पुराने शहर में रहने वाली उनकी दूसरी पत्नी अंजुम से उनका प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। गत रविवार को अंजुम अपने बेटे सिद्दीक और उसके नाबालिग छोटे भाई तथा राम विश्वकर्मा समेत अन्य को लेकर ताहिर के घर पहुंची थी, जहां उसका ताहिर की पहली पत्नी हुमा से विवाद हो गया। इस दौरान बाथरूम से बाहर निकले ताहिर ने अंजुम को समझाने का प्रयास किया तो उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाद में सभी आरोपित फरार हो गए थे।

विकास यात्राओं की रिपोर्ट के साथ बीजेपी ने 52 जिला अध्यक्षों और पदाधिकारी को तलब किया

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 में है। इसके साथ ही बीजेपी चुनावी मोड में काम कर रही है। बीजेपी ने शिवराज सरकार की तरफ से निकाली जा रही विधानसभा वार विकास यात्राओं की रिपोर्ट के साथ सभी 52 जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों को भोपाल बुलाया है। प्रदेश बीजेपी ने रविवार को सभी जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों की भोपाल में बैठक बुलाई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश मौजूद रहेंगे। बीजेपी ने विकास यात्राओं की विधानसभा वार रिपोर्ट तैयार कराई है। इन रिपोर्ट और पदाधिकारियों के फीडबैक के आधार पर बीजेपी संगठन को विस्तार और मजबूत करने का काम किया जाएगा।

जनता की नाराजगी दूर करने बनेगी रणनीति

विकास यात्रा के दौरान कई विधानसभा में लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। इसको बीजेपी ने गंभीरता से लिया है। अब बैठक में लोगों की नाराजगी दूर करने और संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनाने पर चर्चा होगी। वहीं, कमजोर प्रदर्शन वाले जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में अपनी स्थिति सुधारने के लिए कहा जाएगा।

25 फरवरी तक निकलेगी विकास यात्रा

शिवराज सरकार प्रदेश में विकास यात्राएं निकाल रही हैं। 5 फरवरी से शुरू विकास यात्राएं 25 फरवरी तक निकलेंगी। विकास यात्राओं के दौरान जनप्रतिनिधि लोकार्पण और शिलान्यास के कार्य कर रहे है। यात्रा में कई जगह योजनाओं और मूलभूत सुविधाएं नहीं होने पर यात्रा को जनता की नाराजगी का सामना भी करना पड़ रहा है। अब बीजेपी लोगों के आक्रोश को दूर करने की रणनीति पर काम कर रही है।

बूथ को मजबूत करने पर फोकस

वहीं, बीजेपी 2018 की भूल दोबारा नहीं करना चाहती है। इसके लिए बीजेपी को फोकस अपने बूथों को मजबूत करने पर है। इसके लिए बूथ विस्तारक अभियान भी चलाया जा रहा हैं। जिसमें पदाधिकारियों को तकनीकी रूप से मजबूत किया जा रहा है। एप पर ही पदाधिकारियों से संगठन अब गतिविधियों की जानकारी लेगा। इसकी भी जानकारी दी जाएगी।

दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद मिर्ची बाबा का डीएनए टेस्ट हुआ

पीड़िता बोली– यह बहुत बड़ा पापी

■ भोपाल, यशभारत।

रायसेन की 28 वर्षीय महिला को संतान का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले मिर्ची बाबा उर्फ वैराग्यानंद गिरि जमानत नहीं मिलने से बेचैन हैं। गुरुवार को डीएनए के लिए सैंपल लेने पुलिस उन्हें जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंची थी। सुरक्षा के बीच आरोपी मिर्ची बाबा का डीएनए सैंपल लिया गया, इसके बाद उन्हें जेल वाहन से वापस भोपाल केंद्रीय जेल भेज दिया गया है। पुलिस महिला को भी इस बीच अस्पताल लेकर पहुंची थी। अस्पताल परिसर में पीड़िता ने जैसे ही मिर्ची बाबा को देखा वह भड़क गई। आरोपी को दूर से देखकर महिला ने कहा कि वह भगवा वस्त्र क्यों पहना है, भगवा को

भी बदनाम कर रहा है। यह सबसे बड़ा पापी है, इसे तो फांसी होना चाहिए। न जाने मेरे जैसी कितनी महिलाओं को बच्चे का लालच देकर अपनी दरिंदगी का शिकार बनाया होगा। बता दें कि 8 अगस्त 2022 को मिर्ची बाबा को भोपाल पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार किया था और भोपाल आई थी। 6 अगस्त को रायसेन की महिला ने महिला थाने में मिर्ची बाबा पर मिनाल रेसीडेंसी स्थित आवास की पहली मंजिल में बने कमरे में भभूत के नाम पर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया था।

कोर्ट के निर्देश पर लिया सैंपल

महिला थाना प्रभारी अंजना धुर्वे के अनुसार गिरफ्तारी के वक्त आरोपी का डीएनए जांच के लिए सैंपल नहीं लिया गया था। अब अदालत के संज्ञान में लाकर निर्देश प्राप्त कर डीएनए के लिए सैंपल लिया गया है। मिर्ची बाबा के अधिवक्ता श्रीकृष्ण धौसेला ने कहा कि पुलिस ने उनके मुवक्किल का दो बार मेडिकल कराया है, इसके लिए क्या पूरी कानूनी प्रक्रिया की गई है या नहीं।

अदालत से करेंगे जांच की मांग

मिर्ची बाबा के अधिवक्ता धौसेला ने कहा कि वैराग्यानंद गिरि नागा साधु हैं। संन्यास की दीक्षा लेते वक्त विधि-विधान से कई प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाती हैं, जिसके बाद वे शारीरिक संबंध बनाने की क्रिया में असमर्थ हैं। विद्वेष के कारण उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया है। पांच सदस्यीय डॉक्टर की टीम से संबंध बनाने की क्रिया (पोटेंसी टेस्ट) संबंधी जांच कराई जाए।

रेत खदानों की होगी जियो फेंसिंग, सेटेलाइट से रखी जाएगी नजर

भोपाल यशभारत। प्रदेश में रेत खदानों की जियो फेंसिंग की जाएगी और अवैध उत्खनन पर सेटेलाइट से नजर रखी जा सकेगी। कंट्रोल रूम भोपाल में होगा। गतिशक्ति पोर्टल पर भी इसका पूरा मैप उपलब्ध होगा। जियो फेंसिंग के बाहर खनन प्रतिबंधित होगा। अगर फेंसिंग के बाहर खनन किया जाता है तो कंट्रोल रूम में अधिकारियों को तत्काल इसकी जानकारी मिलेगी।विभागीय अधिकारियों के मुताबिक रेत खदानों का ड्रोन से सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए शासन के ड्रोन के अलावा ड्रोन उपलब्ध कराने वाली निजी कंपनियों की भी सेवाएं ली जाएगी। पिछले वर्ष पायलट प्रोजेक्ट के रूप में भिंड जिले की रेत खदानों का ड्रोन से सर्वे कराया जाना था, लेकिन नहीं कराया जा सका।

पटवारी के लिए एक हजार पीएचडी

85 हजार बीटेक व एक लाख एमबीए डिग्रीधारी अभ्यर्थी

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की पटवारी एवं ग्रुप-2 सब ग्रुप -4 के 9073 पदों पर भर्ती के लिए करीब 12 लाख आवेदन हुए हैं। इसमें 6,755 पटवारी पदों के लिए उच्च डिग्रीधारियों की कतार लग गई है। पीएचडीधारी करीब एक हजार आवेदकों ने पटवारी बनने के लिए आवेदन किया है। वहीं 85 हजार बीटेक, एमबीए वाले एक लाख ने आवेदन किया है। इसके अलावा इंजीनियरिंग डिप्लोमा वाले साढ़े पांच हजार और नौ लाख स्नातक पास अभ्यर्थी इस भर्ती परीक्षा परीक्षा में शामिल होंगे। उपसमूह-4 सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं समकक्ष पदों की सीधी एवं बैकलाग भर्ती और भू-अभिलेख, राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारी पद के लिए संयुक्त परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा 15 मार्च से दो पाली में शुरू होगी।यह परीक्षा दो चरणों में होगी। पहला चरण की परीक्षा का समय सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। दूसरे चरण का समय दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक रहेगा। यह परीक्षा भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, रतलाम, सतना, खंडवा, नीमच, मंदसौर, सीधी, रीवा, सागर में आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा 200 अंकों की होगी। 100 अंकों के पेपर में सामान्य विज्ञान, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य गणित के प्रश्न पूछे जाएंगे। दूसरे 100 अंक के पेपर में सामान्य ज्ञान और अभिरूचि, सामान्य कंप्यूटर ज्ञान, सामान्य तार्किक योग्यता और सामान्य प्रबंधन से प्रश्न पूछे जाएंगे।

पीएचडी डिग्रीधारी- एक हजार आवेदक
बीटेक- 85 हजार आवेदक
एमबीए- एक लाख आवेदक

ऑडिटोरियम निर्माण का विरोध न्यायालय पहुंची रामलीला कमेटी

रामलीला मैदान का अस्तित्व खतरे में, उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना

कटनी,यशभारत। शहर की ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल गोलबाजार रामलीला मैदान के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यहां नगर निगम प्राशासन द्वारा ऑडिटोरियम निर्माण को लेकर विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित होने जा रहे ऑडिटोरियम के निर्माण के विरूद्ध गोलबाजार रामलीला कमेटी ने न्यायालय की शरण ली है। कमेटी का साफ कहना है कि नगर निगम प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल द्वारा एक सोची समझी रणनीति के तहत गोलबाजार रामलीला मैदान के अस्तित्व को समाप्त करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। गलत तथ्यों के आधार पर शासन से निर्माण की अनुमति ली गई है। ऑडिटोरियम केच निर्माण की योजना कब तैयार हुई और पूरा शहर छोड़कर यहां पर ही ऑडिटोरियम का निर्माण क्यों कराया जा रहा है। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। गौरतलब है कि गोलबाजार रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन आजादी के पहले से प्रतिवर्ष दशहरा के समय लगातार वर्ष 1884 से हो रहा है। करीब 139 साल पहले जो पौधा रोपा गया था, आज उसने वटवृक्ष का रूप ले लिया है। गोलबाजार में रामलीला मंचन की ख्याति केवल कटनी ही वरन मध्यप्रदेश एवं पूरे देश में है। 14 दशकों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी जीवंत तरीके से किया जा रहा है। कमेटी का एक-एक पदाधिकारी तन-मन और धन से सहयोग देकर इस परंपरा को संचालित कर रहे हैं। आज जब गोलबाजार रामलीला कमेटी एवं यहां होने वाले

रामलीला मंचन का पूरे देश में नाम है, तब इस परंपरा के साथ ही मैदान के अस्तित्व को समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों अध्यक्ष रणवीर कर्ण, भरत अग्रवाल, रवि खरे, रामजी यादव एड., मनीष शुक्ला, शरद अग्रवाल, गिरधारी लाल शर्मा, राजेंद्र सौंधिया, संजय चौदहा आदि ने बताया कि ऑडीटोरियम निर्माण के खिलाफ वाद माननीय न्यायालय में दायर किया गया है, जिस पर सुनवाई चल रही है। इसी मैदान में प्रतिवर्ष दीपावली त्यौहार आदि अवसरों के समय पर बाजार लगता है। कमेटी का यह भी कहना है कि यदि ऑडिटोरियम का निर्माण हो जाता है तो गोलबाजार रामलीला मैदान में रामलीला मंचन के साथ ही हनुमान जयंती महोत्सव, मारवाड़ी समाज का होलिका दहन सहित अन्य कई धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसी मैदान में 10-12 पीपल, बरगद, नीम आदि के पेड़ होने के साथ-साथ मैदान में ही हनुमान जी और शंकर जी के मंदिर हैं। पूर्व विधायक गिरिराजकिशोर पोद्दार के सहयोग से एक भव्य दो मंजिला मंच भी बनवाया गया था। इन सबको तोड़ा जाएगा तो मात्र शासकीय धन की बरबादी एवं धार्मिक भावना आहत होगी। ऑडिटोरियम बन जाने से इन सभी गतिविधियों पर रोक लग जाएगी। साथ ही यह धार्मिक स्थल एक व्यवसायिक स्थल के रूप में हो जाएगा। गोलबाजार रामलीला कमेटी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत कराते हुए इस योजना को अन्यत्र स्थान पर लागू करने की मांग की है। यदि यह योजना अन्यत्र नहीं ले जाई गई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी कमेटी द्वारा दी गई है।

जाली तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर सचिव घुनौर की रोकी दो वेतन वृद्धि

कटनी,यशभारत। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत घुनौर के सचिव विशंभर सिंह सैयाम द्वारा ग्राम पंचायत मुहास से भारमुक्त होने के पश्चात भी उप रजिस्टर जन्म एवं मृत्यु का आईडी पासवर्ड का गलत उपयोग कर जाली तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया। पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही और स्वेच्छाचारिता बरतने के फलस्वरुप जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने मध्यप्रदेश पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 में वर्णित प्रावधानों के तहत श्री सैयाम सचिव ग्राम पंचायत घुनौर एवं तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत मुहास की आगामी दो वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकी जाकर प्रकरण समाप्त कर नस्तीबद्ध किए जाने के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सचिव घुनौर श्री सैयाम ने स्वयं भी जारी कारण बताओ सूचना पत्र के प्रतिवाद में न्यायालयीन प्रक्रिया की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना स्वीकार किया है।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के वार्षिक कलेंडर का विमोचन

कटनी,यशभारत। मप्र राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा के वार्षिक कलेंडर 2023 का विमोचन दीपक टंडन जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के मुख्य अतिथ्य में 21 फरवरी को सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में पीताम्बर टोपनानी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष गुप्ता, पूर्व नगराध्यक्ष एवं महामंत्री सुनील उपाध्याय, उपाध्यक्ष भाजपा कटनी एवं मनीष दुबे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश सोनी, संभागीय कोषाध्यक्ष रजनीश विश्वकर्मा, मप्र राज्य कर्मचारी वन प्रकोष्ट के प्रदेशाध्यक्ष अनिल मिश्रा जिला सचिव धीरेन्द्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष एसके दत्ता कार्यकारी जिलाध्यक्ष केण्पीण् मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवंत सिंह नेगी, प्रशांत चनपुरिया, उपेन्द्र मिश्रा, बीडी तिवारी, प्रताप सिंह बाल्मीक, जिला संगठन मंत्री राजू कोल, डॉ. एमएस चंदेल, जिला कार्यालय मंत्री, रामेश्वर तिवारी मीडिया प्रभारी, राकेश जैन, सूर्यकांत परौहा, अंजनी गौतम, लाड़ले पटैल, प्रवीण पान्डेय, श्री कछवाहा, मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार सोलंकी सचिव गणेश शंकर गर्ग, संगठन मंत्री प्रमोद मिश्रा, संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, सुरेश पाण्डेय, श्रीराम प्रकाश परौहा, केसी सिंह की उपस्थिति रही।

आस्था गुप्ता की पढ़ाई में सहायक हो रही है लाड़ली लक्ष्मी योजना

कटनी,यशभारत। मध्यप्रदेश सरकार की लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू होने से बेटियों की शिक्षा एवं विवाह की चिंता दूर हुई है। जिले की बालिका आस्था

गुप्ता को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिल रहा है। इस पर आस्था ने खुशी जाहिर करते हुए मामा शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया है। आस्था बताती हैं, कि यह योजना मेरी पढ़ाई में बहुत सहायक सिद्ध हो रही है। आगे भी इसका मुझे लाभ मिलेगा। इस योजना में मुझे सरकार द्वारा कक्षा 6 वीं में 2 हजार रुपये, कक्षा 9 वी में प्रवेश पर 4 हजार रूपये, कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं में प्रवेश पर 6-6 हजार रुपये मिलेंगे।

जिला न्यायालय के पास बस स्टॉप में सिटिंग बेंच सहित छाया के लिए शेड

कटनी,यशभारत। न्यायालय के पास शेड बनाया गया किन्तु बैठने के व्यवस्था नही होने की शिकायत की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए नगर कार्यालय निगम जिला को मामले की जाँच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। निर्देशों के परिपालन में नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम सीमा अंतर्गत जन निजी भागीदारी मॉडल पर बस स्टॉप निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। उक्त जिला न्यायालय के पास बस स्टॉप में बैठक व्यवस्था के लिए सीटिंग बेंच लगवाई गई है एवं बस स्टॉप पर छाया के लिए शेड एवं रेलिंग से कवर्ड का कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है।

निविदा की कार्यवाही पूर्ण होने पर शीघ्र होगा उमरिया पान से हरदुआ मोहल्ला मार्ग का कार्य

कटनी,यशभारत। उमरिया पान से हरदुआ मोहल्ला मार्ग के अंधे मोड़ पर ध्वस्त पड़ा सोल्डर से दुर्घटना का अंदेशा होने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भध्स को प्रकरण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। निर्देश के अनुपालन में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ने बताया कि हरदुआ मोहल्ला उमरिया पान मार्ग 0.30 किमी में कार्य कराने हेतु मण्प्रणशासन लोक निर्माण विभाग द्वारा 42.70 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात निविदा की कार्यवाही प्रचलित है। निविदा स्वीकृत होनें पर शीघ्र कार्य प्रारंभ करा दिया जायेगा।

बाबू जगजीवन राम वार्ड उडिया बस्ती क्षेत्र में टंकी के माध्यम से प्रतिदिन हो रही जलापूर्ति

कटनी,यशभारत। बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रं 19 उडिया बस्ती क्षेत्र में टंकी बनी, पाइप लाइन भी बिछी, लेकिन नही पहुंचा पानी की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। जिसके संबंध में नगर निगम के जल प्रदाय विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे में बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रं 19 उडिया बस्ती क्षेत्र में पानी की टंकी बनाई गई है एवं उक्त क्षेत्र में अमृत योजनान्तर्गत नवीन पाईप लाईन का विस्तार भी किया गया है। उक्त क्षेत्र के नल कनेक्शन धारियों को टंकी के माध्यम से प्रतिदिन जलापूर्ति की जा रही है।

फारेस्टर वार्ड में सप्लाई के दौरान कराई गई पानी की शुद्धता की जांच

कटनी,यशभारत। फारेस्टर वार्ड में साफ पानी न मिलने से नागरिक परेशान की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी को शिकायत की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। जिसके संबंध नगर निगम के जल प्रदाय विभाग द्वारा फारेस्टर वार्ड मंगलनगर क्षेत्र में पेयजल सप्लाई समय पर पानी की शुद्धता का परीक्षण कराया गया। इस दौरान पाया गया कि उक्त क्षेत्र में स्वच्छ पेय जल आपूर्ति प्रतिदिन की जा रही है।

वर्ष 2024 तक कोई भी गरीब बेघर नहीं रहेगा-सांसद

रीठी के देवगांव में आयोजित विकास यात्रा को सांसदने किया संबोधित

कटनी,यशभारत। खजुराहो सांसद एवं प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2024 तक कोई भी गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा, हर गरीब अपने पक्के घर मे रहेगा। सांसद श्री शर्मा ने यह बात आज यहां रीठी विकासखण्ड के देवगांव में विकास यात्रा के दौरान हितलाभ वितरण एवं निर्माण व विकास कार्यो के भूमिपूजन व लोकार्पण समारोह के दौरान कही।

विकास यात्रा के दौरान विधायक प्रणय प्रभात पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, जिला पंचायत सी. ई. ओ. शिशिर गेमावत, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अर्पित अवस्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष रामचंद्र तिवारी, विजय शुक्ला, रामरतन पायल, सत्यव्रत त्रिपाठी, सुरेश सोनी, सुनील उपाध्याय, अभिषेक ताम्रकार, मृदुल द्विवेदी,मृदुल मिश्रा, रणवीर कर्ण, सीमा जैन सोगानी, भावना सिंह, ज्योति दीक्षित, अशोक कुमार राय, राजेश चौधरी, मनोज कुमार साहू, पप्पू मिश्रा, दीपक पटेल सहित

अन्य जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति रही। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024 तक हर गरीब का पक्का घर होगा और हर घर टोंटी वाले नल से पानी पहुंचेगा। उन्होने कहा कि सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की है, ताकि कोई भी गरीब पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न रहे। सांसद श्री शर्मा ने गरीबों की जिंदगी बदलने के सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि प्रदेश में बेटी अब बोझ नहीं वरदान है। उन्होंने लाड़ली बहना योजना की जानकारी दी। श्री शर्मा ने कहा कि बेटियों को सशक्त बनाने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि अब हर माह पेंशन एक हजार रूपये मिलेगी। श्री शर्मा ने राज्य सरकार के हाल ही में शराब का अहाता बंद करने के निर्णय की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डा. अजीत सिंह द्वारा संकलित ''विकास पथ पर रीठी'' पुस्तक सांसद श्री शर्मा को भेंट की गई। कार्यक्रम की शुरूआत कन्या पूजन से हुई। विकास यात्रा को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने कहा की प्रदेश में विकास का सिलसिला अनवरत जारी है। आपने शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए कहा की देवगांव में 177 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है तथा 213 हितग्राहियों को पेंशन योजना के तहत 1.2 लाख रुपए प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है। क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था हेतु 65.42 लाख की लागत से जल जीवन मिशन के कार्य कराए जा रहे हैं। लाडली लक्ष्मी योजना के तहत 137 बच्चियों को 1.18 लाख रुपए की एफ डी प्रदान की गई है तो 40 बालिकाओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिल रहा है। देवगांव के 1232 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके तथा 12 लोगों को संबल योजना के तहत 22 लाख रूपये का चिकित्सा लाभ प्राप्त हुआ है। क्षेत्र के 1657 परिवारों को पात्रता पर्ची के अंतर्गत निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

रेट- 75/- फीट
सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
- 1 दिन - 150/-
- 3 दिन - 250/-
- 7 दिन - 500/-
- 15 दिन - 1200/-
- 30 दिन - 1800/-
साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, कटनी

कलेक्ट्रेट परिसर, कटनी म.प्र. 483501,
Phone- 07622-220175,227680

क्रमांक/जि.शि.के./वित्त/2023/436 कटनी, दिनांक 23/01/2023

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विकासखण्डों में लगने वाले उपकरणों ICT सुविधा हेतु Computer (13-12 Generation), UPS online 2.0 kva (1 hour backup), Network Steup (Misc), LED TV 65" Smart TV-Android&Printer की पूर्ति हेतु ई-निविदा आमंत्रण का संक्षिप्त विज्ञापन

जिला शिक्षा कटनी अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान की कार्ययोजना 2023-23 में लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अंतर्गत विकासखण्डों में ICT लगने वाले उपकरणों Computer (13-12 Generation), UPS online 2.0 kva (1 hour backup), Network Steup (Misc), LED TV 65" Smart TV-Android&Printer का क्रय किया जाना है जिसका बिड नम्बर जेम पोर्टल पर अधोलिखित अनुसार है:-

क्रमांक	बिड नम्बर	सामग्री कानाम	अंतिम तिथि
1	GEM/2023/B/3084193	Computer (13-12 Generation), UPS online 2.0 kva (1 hour backup), Network Steup (Misc), LED TV 65" Smart TV-Android&Printer	27.02.2023
2	GEM/2023/B/3082168		27.02.2023
3	GEM/2023/B/3084225		27.02.2023

आपूर्तिकर्ता फर्म जेम पोर्टल के माध्यम से उक्त सूची में वर्णित सामग्री हेतु निविदा प्रस्तुत करे।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र कटनी

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, कटनी

कलेक्ट्रेट परिसर, कटनी म.प्र. 483501,
Phone- 07622-220175,227680

क्रमांक/जि.शि.के./वित्त/2023/427 कटनी, दिनांक 23/01/2023

स्कूल शिक्षा विभाग में मॉनीटर्स को मॉनिटरिंग कार्य हेतु लगने वाले उपकरण (Talet Android Based,8.0 or Above 7 inches or above) की पूर्ति हेतु ई-निविदा आमंत्रण का संक्षिप्त विज्ञापन

जिला शिक्षा कटनी अंतर्गत स्टार्स प्रोजेक्ट की कार्ययोजना कार्ययोजना 2023-23 में बजट प्रावधान आवंटन अंतर्गत शिक्षा विभाग के मॉनीटर्स को **Talet Android Based,8.0 or Above 7 inches or above** उपकरण क्रय किया जाना है जिसका बिड नम्बर जेम पोर्टल पर अधोलिखित अनुसार है:-

क्रमांक	बिड नम्बर	सामग्री कानाम	अंतिम तिथि
1	GEM/2023/B/3082616	Talet Android Based,8.0 or Above 7 inches or above	27.02.2023

आपूर्तिकर्ता फर्म जेम पोर्टल के माध्यम से उक्त सूची में वर्णित सामग्री हेतु निविदा प्रस्तुत करे।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र कटनी

आंखों में आंसू और भयानक गुस्सा...

रनआउट के बाद हरमन ने फेंका बल्ला, यूं पछताते दिखीं कप्तान

केप टाउन, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन बनने से चूक गई। उसे टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान हरमनप्रीत कौर (52 रन, 34 बॉल, 6 फोर, 1 सिक्स) और जेमिमा रोड्रिग्स (43 रन, 24 बॉल, 6 फोर) ने मुश्किल परिस्थितियों में दमदार पारियां खेलीं। इससे मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विमिंस टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया जीत की दहलीज तक पहुंच गई। हालांकि, अंत तक रोमांच रहे इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पांच रन से जीत हासिल कर कुल सातवीं बार प्रतियोगिता के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच एक समय भारत के पक्ष में दिख रहा था, लेकिन हरमनप्रीत कौर के रन आउट के बाद सब बदल गया। जेमिका के आउट होने के बाद रनों की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई। बाउंड्री लगने बंद हो गए। बाउंड्री का यह सूखा 14वें ओवर में खत्म हुआ जब मैक्ग्रा की गेंद को हरमन ने चौके के लिए भेजा। इस चौके के बाद अगली चार गेंदों पर तीन और चौके आए और हरमन ने 32 गेंद पर अपनी फिफ्टी भी पूरी की। टीम इंडिया अचानक लक्ष्य के बेहद करीब नजर आने लगी, उसे अब जीत के लिए 34 गेंद पर 41 रन की जरूरत थी। लेकिन इसी ओवर (15वें) में साधारण रनिंग के कारण हरमन ने अपना विकेट गंवा दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मुकाबले में वापसी कर ली। जब हरमन रन आउट हुईं तो उन्हें अपनी गलती का अहसास था। उनका बल्ला उलझ गया और यही मैच पलट गया। जब वह रन आउट होकर पवेलियन लौट रही थीं तो बेहद गुस्से में थीं। उन्होंने मैदान पर ही बल्ला फेंक दिया। इसके बाद वह पवेलियन की सीढ़ियों पर चढ़ते समय भी वह खुद पर काबू नहीं रख पा रही थीं। वह जानती थीं कि उनसे कितनी बड़ी गलती हो गई है। इस मोमेंट का वीडियो आईसीसी ने शेयर किया है।

शुरुआत 2020 फाइनल जैसी

इससे पहले, पिछले टी20 वर्ल्ड कप में ये दोनों टीमें खिताबी मुकाबले में टकराई थीं। इस बार टक्कर सेमीफाइनल में हो रही थी, लेकिन दोनों ही मैचों में शुरुआत लगभग एक समान रही। 2020 में टॉस ऑस्ट्रेलिया ने जीता और पहले बैटिंग का फैसला किया। एलिसा हीली ने चौके के साथ इनिंग्स की शुरुआत की और ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले (शुरुआती छह ओवर्स) में बिना किसी नुकसान के 49 रन बनाए। यहां भी सिक्के ने ऑस्ट्रेलिया का साथ दिया। उसने पहले बैटिंग चुनी और हीली ने चौके के साथ पारी का आगाज किया। पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया ने बिना नुकसान के 44 रन बना लिए। बेथ मूनी ने 12वें ओवर में शिखा पांडे की शुरुआती दो गेंदों पर चौके जड़कर 34 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की। टी20 इंटरनैशनल में यह उनका कुल 17वां अर्धशतक रहा, जबकि भारत के खिलाफ कुल आठवां।

यह भी रहा हार का कारण

ऑस्ट्रेलियाई पारी किस्मत का भरपूर साथ रहा। इस अहम मुकाबले में भारतीय टीम की फील्डिंग बहुत ही खराब रही और उन्होंने कुछ आसान कैच भी टपकाए। भारतीय पारी के नौवें ओवर में स्नेह राणा की गेंद पर विकेटकीपर ऋचा घोष ने मैग लैनिंग का कैच विकेटकीपर ऋचा घोष ने छोड़ा। इसके अगले ओवर में मूनी ने राधा यादव की गेंद पर बड़ा शॉट लगाया और बाउंड्री लाइन पर शेफाली वर्मा ने उन्हें आउट करने का आसान मौका टपका दिया। 13वें ओवर में स्नेह राणा की गेंद पर ऋचा घोष ने लैनिंग को स्टंप आउट करने का आसान मौका गंवाया। इन मौकों का फायदा उठाते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अंतिम दस ओवर में 103 रन, अंतिम पांच ओवर्स में 59 रन और अंतिम ओवर में 18 रन ठोककर बोर्ड पर 172/4 का मजबूत टोटल खड़ा किया।

हार से टूटकर बिखरी देश की बेटी!

तबीयत खराब होने के बावजूद मैदान पर बल्ले से तूफानी पारी खेलने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर मैच के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सकीं और पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा से लगे लगकर फूट-फूटकर रोती दिखीं। उनके अलावा भी टीम इंडिया के हर सदस्य का यही हाल था। इस मोमेंट का वीडियो आईसीसी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है। वीडियो में दिख रहा है कि वह अपने सीनियर साथी और टूर्नामेंट में हिंदी कॉमेंट्री कर रहीं अंजुम चोपड़ा से गले मिलकर फूट-फूटकर रो रही थीं। दूसरी ओर, अंजुम का भी कुछ ऐसा ही हाल था। जब टीम इंडिया हारी तो वह इतनी दुख के मारे इमोशनल हो गई कि उनके मुंह से शब्द नहीं फूट रहे थे। वह लगातार पलकों को झपकाते हुए अपने आंसूओं को रोकने की कोशिश कर रही थीं। हरमन के बारे में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह सिर्फ अपनी कप्तान को दिलासा देना चाहती थीं। वह इमोशनल सपोर्ट करना चाहती थीं। हरमन की तबीयत खराब थी। इसके बावजूद वह मैदान पर उतरीं। कोई और मैच होता तो शायद वह नहीं खेलतीं। लेकिन यह सेमीफाइनल था। वह इससे पीछे नहीं हट सकती थीं। उन्होंने आगे कहा- यह मोमेंट गमगीन था। हम चाहे कितनी भी कोशिश कर लें खुद पर काबू नहीं रख सकते हैं। मैच में अगर 5 रन भी कम होते तो शायद भारत के लिए रिजल्ट कुछ और होता। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने मैच में पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 172 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 8 विकेट के नुकसान पर 167 रन तक पहुंच सकी। हरमन ने हाफ सेंचुरी जड़ी, लेकिन वह रन आउट हुईं और इसके बाद मैच का रुख पलट गया।

जेमिमा-हरमन ने बनाया था मैच, लेकिन...

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (54) और मेग लैनिंग (49*) की तेज पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवर में बोर्ड पर चार विकेट पर 172 रन का स्कोर टांगा। एक बड़े लक्ष्य के खिलाफ भारत की शुरुआत बहुत ही खराब रही। ओपनर शेफाली वर्मा (9) आउट होने वाली पहली बैटर रहीं। उनके बाद स्मृति मंधाना (2) और यास्तिका भाटिया (4) के विकेट टीम ने पारी के चौथे ओवर तक 28 रन पर ही गंवा दिए। इन शुरुआती तीन विकेट के बाद भारत की जीत की उम्मीद धूमिल पड़ गई लेकिन यहां से जेमिमा और हरमनप्रीत ने पलटवार करके मैच में एक बार फिर रोमांच पैदा कर दिया। इन दोनों ने तेजी से रन बटोरे जिससे 10 ओवर्स में भारत के खाते में तीन विकेट पर 93 रन हो गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 10 ओवर्स में एक विकेट पर 69 रन बनाए थे। इसे देखते हुए इस मैच में भारतीय टीम पहली बार हावी नजर आने लगी। लेकिन 11वें ओवर में जेमिमा बदकिस्मत रहीं और एक खराब गेंद पर वह आउट हो गईं।

कैसे तोड़ते हैं गेंदबाजों का हौसला...

सचिन के ब्रैड हॉग वाले मंत्र से कोहली-रोहित को सीखना चाहिए

नई दिल्ली,ईएमएस। विश्व क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से जुड़े कई सारे किस्से मशहूर हैं। ऐसा ही एक किस्सा ऑस्ट्रेलिया के सफलतम स्पिनरों में से एक रहे ब्रैड हॉग के साथ भी है। यह घटना साल 2007 की है। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत दौरे पर आई थी। दोनों टीमों के बीच हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में वनडे मुकाबला खेला जा रहा था। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 291 रनों का मजबूत लक्ष्य रखा था। मैच में सचिन ने गौतम गंभीर के साथ पारी का आगाज किया था। गौतम गंभीर सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रॉबिन उथप्पा और राहुल द्रविड़ तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। टीम इंडिया मुश्किल पड़ चुकी थी। ऐसे में सचिन को युवराज सिंह का साथ मिला और दोनों ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया लेकिन इस बीच 25वें ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रैड हॉग ने सचिन को बोल्ड कर दिया। सचिन 71 गेंद में 43 रन ही बना पाए थे। मैच में हालांकि भारत के लिए युवराज सिंह ने शतक लगाया लेकिन इसके बावजूद टीम इंडिया को 47 रन से हार मिली। इलेक्ट्रॉनिक्स बजट बाजार- बजट के अनुकूल और उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों के लिए नंबर 1 इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर 7 सचिन ऑटोग्राफ लिए ब्रैड हॉग मैच खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली थी लेकिन उसके बाद ब्रैड हॉग एक तस्वीर के साथ सचिन पास उनसे ऑटोग्राफ लेने आए। यह वही तस्वीर थी जिसमें उन्होंने सचिन को बोल्ड किया था। सचिन ने भी बड़ी शालीनता के साथ उन्हें अपना ऑटोग्राफ दे दिया लेकिन उसके साथ उन्होंने एक खास मैसेज भी ब्रैड हॉग को लिख दिया। सचिन ने ऑटोग्राफ के साथ लिखा कि अब आगे से ऐसा नहीं होगा। मतलब यह था कि सचिन ने यह ठान लिया कि ब्रैड हॉग फिर उन्हें आउट नहीं कर पाएंगे और ऐसा ही हुआ। सचिन इसके बाद 2013 तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेले लेकिन इस दौरान फिर कभी भी ब्रैड हॉग उन्हें आउट नहीं कर पाए।

मौजूदा समय में विराट और रोहित को लेनी चाहिए सीख

मौजूदा समय में विराट कोहली और रोहित शर्मा विश्व के दो धाकड़ बल्लेबाज माने जाते हैं। दोनों ही बल्लेबाजों का इंटरनेशनल क्रिकेट में कई बड़े कीर्तिमान हैं लेकिन पिछले कुछ समय से उनके खेल में उस तरह का पैनापन नहीं दिख रहा है जैसा की शुरुआती दौर में था। हालांकि इसके बावजूद गेंदबाजों के मन में इन दोनों बल्लेबाजों का खौफ कम नहीं हुआ है। ऐसे में अगर विराट और रोहित सचिन की तरह ब्रैड हॉग वाला मंत्र अपना लें तो वह दुनिया के किसी भी गेंदबाज के हौसले को पस्त कर सकते हैं। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि क्योंकि कोहली सचिन के बाद दुनिया में सबसे अधिक इंटरनेशनल शतक लगाने के मामले में उन्हीं का नंबर आता है। कोहली तीनों फॉर्मेट को मिलाकर कुल 74 शतक लगा चुके हैं जबकि सचिन के नाम कुल 100 शतक दर्ज है। इसके अलावा रोहित शर्मा दुनिया में सबसे अधिक बार वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में तीन बार दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया है। ऐसे में ये दोनों बल्लेबाज अगर सचिन की तरह ठान लें कि वे किसी भी गेंदबाज को अपना विकेट आसानी नहीं देंगे तो इनसे बड़ा क्रिकेटर मौजूदा समय में और कोई नहीं हो सकता है।

सी. व्ही. आनंदन ने नेशनल एथलेटिक चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता

जबलपुर, यशभारत। कोलकाता में हुई 43वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप में जबलपुर नगर (संस्कारधानी) के सी.व्ही. आनन्दन ने अच्छा प्रदर्शन करते हुये कास्य पदक जीता। यह चैम्पियनशिप मास्टर एथलेटिक फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा 14 फरवरी से 18 फरवरी तक कलकत्ता में जनरल सेक्रेटरी श्री डेविड प्रेमनाथ के मागदर्शन में स्पोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया के खेल मैदान में आयोजित की गई, जिसमें देश भर के करीब 7000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें सी. व्ही. आनन्दन ने 100 मीटर दौड़ में कास्य पदक जीता कर संस्कारधानी के साथ जबलपुर कारपोरेशन मास्टर्स एथलेटिक एसोसियेशन जबलपुर व शासकीय रेल पुलिस इकाई जबलपुर व प्रदेश का नाम रोशन किया। सी.व्ही. आनन्दन शासकीय रेल पुलिस इकाई जबलपुर में कार्यरत है। इससे पहले भी इन्होने अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय एथेलेटिक प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर, कास्य पदक जीते है। उल्लेखनीय है कि सी. व्ही. आनन्दन का चयन 2023 एशियन मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप में भारत के प्रतिनिधित्व करेंगें।

कबाड़ी वाले की तीरंदाज बेटी ने किया कमाल तूफान में उजड़ा था घर, खाने को थी मोहताज अब मिली है टीम इंडिया में एंट्री

कोलकाता,एजेंसी। कोविड-19 का कहर जब अपने चरम पर था तब कबाड़ का काम करने वाले राजकुमार जायसवाल का परिवार दिन में केवल एक समय का भोजन कर पा रहा था। उनकी दुकान बंद थी और जल्द ही उनका घर भी पानी में डूब गया क्योंकि चक्रवाती तूफान अम्फान ने बंगाल में तबाही मचा दी थी। कोरोनावायरस और तूफान की यह दोहरी मार हालांकि उनकी बेटी अदिति के दृढ़ संकल्प को नहीं डिगा पाई जिन्होंने हाल में विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम में जगह बनाई। इस बीच उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स के पूर्व गोल्ड मेडलिस्ट राहुल बनर्जी का साथ भी मिला जो कि अब पूर्णकालिक कोच हैं। बागुईआटी में कबाड़ी का काम करने वाले की बेटी अदिति मेधावी छात्रा रही है और उन्होंने आईएससी परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए जिससे उन्हें सेंट जेवियर कॉलेज में अर्थशास्त्र ऑनर्स में प्रवेश मिल गया। राजकुमार और उनकी पत्नी उमा चाहते थे कि अदिति भी अपने बड़े भाई आदर्श की तरह पढ़ाई पर ध्यान दें। उनके बड़े भाई वेल्लोर में इंजीनियरिंग कर रहे हैं। तब बनर्जी ने उन्हें समझाया कि अदिति इससे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए पैदा हुई है। सोनीपत में तीरंदाजी ट्रायल्स में भाग लेने के बाद वापस लौटी अदिति ने कहा, एक समय था जबकि लॉकडाउन के दौरान मेरे पिताजी की दुकान लगभग दो साल तक बंद रही और हम किसी तरह से एक वक्त का भोजन ही जुटा पा रहे थे। उन्होंने कहा, अम्फान के कारण हमारे घर में बाढ़ आ गई और हमें कई दिनों तक बिना बिजली के रहना पड़ा। किसी तरह से हम संघर्ष के इन दिनों से बाहर निकले और अब लगता है कि अच्छे दिन वापस आ गए हैं। अदिति ने कहा, मेरे माता-पिता को अब विश्वास हो गया है कि तीरंदाजी में भी भविष्य है। उम्मीद है कि मैं अपने खेल में सुधार जारी रखूंगी। प्रत्येक खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करे और पदक जीते लेकिन इसके लिए अभी मुझे लंबा रास्ता तय करना है। यह पहला अवसर है जबकि इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की पहली पसंद की टीम में जगह बनाई। इससे पहले पिछले साल जम्मू में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में गोल्ड और सिल्वर पदक जीतने के कारण उन्हें कोलंबिया के मेडलिन में विश्वकप के चौथे चरण के लिए दूसरी पसंद की भारतीय टीम में चुना गया था। मेडलिन में वह पहले दौर में ही बाहर हो गई। वहां व्यक्तिगत वर्ग में दीप्ति कुमारी से हार गई थी जबकि टीम स्पर्धा में उन्हें दूसरे दौर में कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। अदिति को 2018-19 से कोचिंग देने वाले बनर्जी ने कहा, उसके माता-पिता का उस पर काफी दबाव था कि कब वह पदक जीतेगी ताकि उसे नौकरी आसानी से मिल जाए। मैं उनसे कहता रहा सब्र कीजिए आप रातों-रात विश्व चैंपियन नहीं बन सकते हैं। अदिति की सबसे बड़ी परीक्षा दो चरण के ट्रायल्स थे जिनमें वह शीर्ष चार खिलाड़ियों में जगह बना कर भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का करने में सफल रही।

वरुण की बहन के मांगने पर दिव्या अग्रवाल ने लौटाई खानदानी ज्वेलरी, बोलीं- ले लो, कभी पहना भी नहीं

मुंबई, एजेंसी। दिव्या अग्रवाल ने पिछले साल वरुण सूद से ब्रेकअप का ऐलान कर सबको चौंका दिया था। बिग बॉस ओटीटी जीतने वाली एक्ट्रेस अब अपनी जिंदगी में काफी आगे बढ़ गई हैं और जल्द ही मंगेतर अपूर्व पडगांवकर के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। हालांकि, यह उनका अतीत है जो उन्हें पीछे नहीं हटने दे रहा है। दिव्या अग्रवाल और उनके एक्स बॉयफ्रेंड वरुण सूद में इंटरनेट पर ही खूब कहासुनी शुरू हो गई है। दोनों एक-दूसरे पर कई इल्जाम लगा रहे हैं। अब दिव्या ने सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ लगाए गए कुछ आरोपों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इसकी शुरुआत कुछ दिन पहले हुई जब वरुण सूद ने ट्विटर पर फैंस के साथ एक आस्क मी एनिथिंग सेशन किया जिसमें उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने दिव्या को धोखा दिया है। उन्होंने जवाब दिया, मैंने नहीं भाई। आगे वरुण की बहन अक्षिता थीं जिन्होंने आरोप लगाया कि दिव्या ने उनके परिवार के गहने वापस नहीं किए। बाद में उन्होंने विवादित ट्वीट हटा दिया था।

दिव्या ने वरुण की बहन को दिया मुंहतोड़ जवाब

हालांकि, दिव्या ने उन्हें देख लिया और इसका कड़ा जवाब दिया। उन्होंने ट्वीट के साथ शुरुआत की, मैं बोलने जा रही हूं ... बहुत जल्द और जब किसी ने उन्हें अटेंशन सीकर कहा, तो उन्होंने जवाब दिया, हां, वह मुझसे अटेंशन चाहती थी, इसलिए मैं नहीं गई...। और वरुण की बहन के गहनों के दावों के बाद दिव्या ने ट्वीट किया, न सिर्फ इतना ही। यह सब ले लो !! यह वैसे भी लेन-देन के बारे में था ... लेकिन क्या कोई बात करना बंद कर सकता है क्योंकि वे पोर्टलों पर इससे ध्यान खींचते हैं।

गहनों के साथ चॉकलेट भी भेजा

गुरुवार (23 फरवरी) को दिव्या ने गहनों की एक तस्वीर ट्वीट की और लिखा, गहने वापस दे रही हूं इतना ही नहीं, एक पोस्ट में उन्होंने शेयर किया कि वह इसके साथ कुछ किस चॉकलेट भी भेज रही हैं। इसे देखकर एक फैन ने उन्हें याद दिलाया कि कैसे वरुण ने ऐस ऑफ स्पेस पर उन्हें अपनी जर्सी भी दी थी। लेकिन दिव्या ने उनसे कहा, वह जर्सी अभी शो में थी... हमारे घर से बाहर आने के बाद ही उसने इसे वापस ले लिया।

आखिर सामने आया ब्रेकअप का कारण

एक फैन के लिए दिव्या ने यह भी खुलासा किया, ना कभी पहना ना कभी मांगा। एक साल बाद याद आया। रियलिटी शो स्टार ने यह भी कहा कि कैसे वरुण और उनकी बहन ने ध्यान देने के लिए पूरे मामले को सार्वजनिक कर दिया। यह पहली बार है जब दिव्या ने वरुण और उनके बीच कुछ मतभेदों के बारे में खुलकर बात की है, जो उनके ब्रेकअप का कारण बना। उनके ब्रेक-अप नोट में उनके अलग होने का कोई कारण नहीं बताया गया था।

रेल सुरक्षा बल व कोटा के बीच फाइनल

पमरे पर अंतरमंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता

जबलपुर, यशभारत। पमरे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ द्वारा अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रेलवे स्टेडियम में खेली जा रही है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ शोभन चौधुरी/अपर महाप्रबंधक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। शुभारंभ समारोह के इस अवसर पर डीसी अहिरवार/अध्यक्ष, डब्ल्यू सी आर एस ए, डॉ राकेश कुमार गुप्ता पीसीईई, एस के अलबेला/पीसीपीओ, डॉ आशुतोष गर्ग/ महासचिव, डब्ल्यू सी आर एस ए, अरिंदम लाई/सीएमएम, राकेश कुमार सिंह/सीएमएम, श्री महाबल सिंह/सीएमएम-सी, श्री एकनाथ मोहकर सीएसटीई, महेश्वर सिंह/सीएससी, मणि भूषण सिंह/सहसचिव, डब्ल्यू सी आर एस ए, श्री मुकुल कुमार सिंह/डिप्टी सीएमएम विशेष रुप से उपस्थित थे। फाईनल मैच आज रेल सुरक्षा बल एवं भोपाल के मध्य खेला जायेगा एवं पुरस्कार वितरण समारोह 17.00 बजे से सुधीर कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक, पमरे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जायेगा। इसके पहले सेमीफाईनल मैच में रेल सुरक्षा बल ने जबलपुर को 06 रनों से पराजित किया। रेल सुरक्षा बल ने पहले बैटिंग करते हुये 20 ओवरों में 144 रन बनाये जिसमें योगेश पटेल ने 37 रनों का योगदान दिया। जवाबी पारी में जबलपुर केवल 138 रन ही बना सकी। दूसरे सेमीफ ईनल मैच में भोपाल ने कोटा को 29 रनों से पराजित किया। भोपाल ने पहले बैटिंग करते हुये 20 ओवरों में 154 रन बनाये जिसमें जे.पी.यादव ने 48, अंकुश सिंह ने 48 एवं अंकित श्रीवास्तव ने 25 रनों का योगदान दिया। जवाबी पारी में कोटा केवल 125 रन ही बना सकी।

जनेकृविवि के सुनीता ने गोल्ड ,सुमेर ने सिल्वर मैडल जीता

हिसार, हरियाणा में आयोजित 21वीं ऑल इंडिया इंटर एग्री यूनी स्पोर्ट्स कॉम्पटीशन में जनेकृविवि ने लहराया परचम

जबलपुर, यशभारत। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सद्प्रेरणा से कृषि शिक्षा के साथ-साथ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार में आयोजित 21वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता में जनेकृविवि की मृदा विज्ञान विभाग की छात्रा सुनीता बघेल ने राष्ट्रीय स्तर पर जैवलिन थ्रो में गोल्ड मैडल जीता तो वहीं पौधरोग विभाग के छात्र सुमेर दास प्रजापति ने 15 सौ मीटर दौड़ में सिल्वर मैडल जीतकर विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर गौरांवित किया।ज़ खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने छात्रा सुनीता बघेल (गोल्डन गर्ल) को बधाई देते हुये कहा कि, विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपार प्रतिभा के धनी हैं, यहां के विद्यार्थी प्रतिभा एवं कौशल के माध्यम से सम्पूर्ण राष्ट्र में शिक्षा के क्षेत्र, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के अलावा अन्य विधाओं में अनूठी एवं उत्तम कला कौशल का प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय को गौरांवित कर रहे हैं। कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने छात्रा सुनीता बघेल और छात्र सुमेर दास प्रजापति को शुभकामनायें दी एवं ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जनेकृविवि के खेलकूद अधिकारी डॉ. आशीष कुमार निगम ने जानकारी देते हुये बताया कि विश्वविद्यालय की सुनीता बघेल ने जैवलिन थ्रो में विश्वविद्यालय के इतिहास में प्रथम गोल्ड मैडल जीतकर कीर्तिमान रच दिया है। इसके अलावा छात्र सुमेर दास प्रजापति ने 15 सौ मीटर रेस में सिल्वर मैडल जीतकर विश्वविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। गौरतलब है कि हरियाणा, हिसार में आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में 11 छात्राएं एवं 28 छात्र कुल 39 सदस्यीय टीम में खेलकूद अधिकारी डॉ. आशीष कुमार निगम, डॉ. धर्मेन्द्र नरवरिया और डॉ. प्रीति जैन द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थियों की विशिष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान, कुलसचिव श्री रेवासिंह सिसोदिया, लेखानियंत्रक श्री व्ही. एन. बाजपेयी, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. पी.बी. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल सहित विवि के समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारियों ने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल एवं सिल्वर मैडल जीतने पर बधाईया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

मध्यप्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

शबरी माता जयंती के अवसर पर

कोल महाकुंभ

एवं

सतना चिकित्सा महाविद्यालय का उद्घाटन

24 फरवरी, 2023

मुख्य अतिथि

अमित शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

अध्यक्षता

शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

प्रदेश में जनजातीय समाज के शैक्षणिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तिकरण के लिए हमने अनेक कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं, उनके जीवन में बदलाव के फैसलों के परिणाम अब नजर आने लगे हैं।
- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

महाकुंभ
अपराह्न 2.00 बजे
मैत्री पार्क, हवाई पट्टी मैदान, सतना

उद्घाटन कार्यक्रम
अपराह्न 4.00 बजे
सतना चिकित्सा महाविद्यालय परिसर

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP D-11236

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी